

पेज -4 पर

गाय और ब्राह्मण सनातन धर्म की रीढ़-शंकराचार्य अविमुक्ते श्वरानंद

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -16 ◆ अंकः 123 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, बुधवार 6 मार्च 2024



पेज -8 पर

अपर कलेक्टर दिव्या अग्रवाल ने सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में पदभार ग्रहण की

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


'रामकाज किन्हें बिनु मोहि कहां विश्राम', श्रीरामलला दर्शन योजना के पहले जत्थे को मुख्यमंत्री श्री साय ने किया रवाना

# 850 रामभक्तों के दल को ले जा रही ट्रेन को मुख्यमंत्री ने दिखाई हरी झंडी





**रायपुर।** ''रामकाज किन्हें बिनु मोहि कहां विश्राम'', मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार मानस की इन पंक्तियों के अनुरूप श्रीराम के आदर्शों के अनुरूप काम कर रही है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के निरंतर आदर्शों से सीख लेते हुए राज्य के नागरिक तथा तंत्र एक आदर्श समाज का निर्माण कर सकें, इसके लिए श्रीरामलला दर्शन योजना आरंभ की गई। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री रामलला दर्शन योजना के तहत आज राजधानी रायपुर के रेल्वे स्टेशन से अयोध्या जाने वाली विशेष ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। ट्रेन में 850 राम भक्तों की टोली जय श्रीराम का नारा लगाते हुए अयोध्या के लिए रवाना हुआ। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, खाद्य मंत्री श्री दयाल दास बघेल उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री श्री साय श्री रामलला दर्शन के लिए जाने वाली विशेष ट्रेन को आज सुबह 10.30 बजे रायपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 07 से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस विशेष ट्रेन में रायपुर संभाग के सभी 05 जिलों के 850 श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम का दर्शन करायेगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि यह क्षण हमारे लिए गौरवशाली है कि छत्तीसगढ़ की जनता



श्री रामलला के दर्शन के लिए जा रही है। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने हमारी सरकार बनने पर श्री रामलला दर्शन योजना का वादा किया था, उसे पूरा करते हुए आज छत्तीसगढ़ से अयोध्या पहली ट्रेन रवाना हुई है। आने वाले दिनों में रायपुर के साथ रायपुर के अलावा बिलासपुर और रायगढ़ से भी ट्रेन अयोध्या के लिए चलेगी। श्री रामलला दर्शन योजना के तहत यह विशेष ट्रेन छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं को सप्ताह में एक बार अयोध्या धाम का दर्शन कराएगी। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में अयोध्या के साथ-साथ अन्य धार्मिक स्थलों की भी यात्रा करायी जायेगी। छतीसगढ़ देश का पहला राज्य है, जहां की जनता को सरकारी खर्च पर श्री रामलला का दर्शन कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि



मार्च महीने में पूरे मंत्रिमंडल के साथ रामलला के दर्शन करने अयोध्या जाएंगे। रायपुर रेलवे स्टेशन पर जैसे ही मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अयोध्या धाम की ओर जाने वाली विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। स्टेशन का पूरा वातावरण जय श्रीराम के जयकार से गूंज उठा। यह गूंज ट्रेन के जाने के बाद काफी समय तक उठती रही।


**छत्तीसगढ़ पहला राज्य जो जनता को करा रहा अयोध्या धाम के दर्शन**

**यह हमारे लिए गौरवशाली क्षण पूरे मंत्रिमंडल के साथ जल्द ही करेंगे श्री रामलला के दर्शन-मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय**

## एक नजर

महादेव सट्टा ऐप मामले में ईडी की कार्यवाही तेज

### दो और आरोपियों को किया गिरफ्तार




**रायपुर ।** ईडी ने महादेव बेटिंग एप मामले में दो और आरोपियों सूरज चोखानी व गिरीश तलरेजा को गिरफ्तार किया है। दोनों से पूछताछ जारी है।जांच में पता चला है कि कोलकाता से गिरफ्तार सूरज चोखानी सट्टेबाजी का पैसा शेयर बाजार में लगाता था। वहीं, भोपाल से गिरफ्तार गिरीश तलरेजा सट्टेबाजी की कमाई को एप के प्रमोटर शुभम सोनी के साथ मिलकर बैंक खातों के जरिये खपा रहा था। दोनों आरोपियों को अदालत ने मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत पूछताछ के लिए ईडी के रिमांड पर दिया है। ईडी के वकील सौरभ पांडे ने बताया कि पिछले दिनों गिरफ्तार नितीश दीवान से पूछताछ के आधार पर चोखानी व तलरेजा को बयान के लिए बुलाया गया था।

योगी मंत्रिमंडल का विस्तार

## राजभर समेत 4 नए कैबिनेट मंत्री

लोकसभा चुनाव से पहले पश्चिम यूपी और पूर्वांचल की 15 सीटों को भाजपा ने साधा

लखनऊ । लोकसभा चुनाव से ठीक पहले उत्तर प्रदेश में मंगलवार को योगी सरकार का पहला कैबिनेट विस्तार हो गया। नए मंत्रियों में सुभासपा अध्यक्ष ओपी राजभर, भाजपा एमएलसी दारा सिंह चौहान, साहिबाबाद से भाजपा विधायक सुनील शर्मा और रालोद के दलित चेहरे अनिल कुमार हैं।




राजभर और दारा सिंह चौहान पूर्वांचल और अनिल कुमार और सुनील शर्मा पश्चिम यूपी से आते हैं। इन 4 को मंत्री बनाकर राज्य के पूर्वांचल और पश्चिमी हिस्से की करीब 15 लोकसभा सीटों को भाजपा ने साधने की कोशिश की है। राजभर का अपनी जाति पर अच्छी पकड़ है। राजभर की पार्टी के 6 विधायक हैं। वहीं, दारा सिंह ओबीसी से आते हैं। पूर्वांचल की सीटें-गाजीपुर, मऊ, बलिया, अंबेडकरनगर, घोसी, देवरिया, जौनपुर, गोरखपुर, महाराजगंज में इन जातियों का 40 से 90 हजार तक का वोट बैंक है।

वहीं, पश्चिम यूपी में ब्राह्मण चेहरे सुनील शर्मा को योगी कैबिनेट में जगह दी है। इससे गाजियाबाद, साहिबाबाद, मथुरा समेत कई सीटों पर असर पड़ेगा। इसके अलावा, रालोद के अनिल कुमार एससी वर्ग से आते हैं। पश्चिम यूपी के दलित वर्ग में इनकी अच्छी पकड़ है।

## भानुप्रतापपुर जिले के 1100 श्रद्धालु अयोध्या रवाना

**रायपुर ।** भानुप्रतापपुर जिले से आज सुबह मंगलवार को 1100 श्रद्धालु अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। इनमें अंतागढ़, कांकेर, नारायणपुर और भानुप्रतापुर विधानसभा क्षेत्र से करीब 660 श्रद्धालु शामिल हैं। ट्रेन सुबह 7 बजे भानुप्रतापपुर रेलवे स्टेशन से अयोध्या के लिए रवाना हुई जो बुधवार सुबह 10:30 बजे अयोध्या पहुंचेगी। श्रद्धालु 8 मार्च को वापस भानुप्रतापपुर पहुंचेंगे। वहीं आज रायपुर में मुख्यमंत्री साय श्री रामलला दर्शन के लिए जाने वाली विशेष ट्रेन को रायपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 07 से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस विशेष ट्रेन में रायपुर संभाग के सभी 05 जिलों के 850 श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम का दर्शन कराया जाएगा।

## प्रदेश में वैक्सीन वाहनों के लिए जिलों से मांगे गए प्रस्ताव



**रायपुर।** प्रदेश में सरकारी अस्पतालों, सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में बच्चों को लगाए जाने वाले टीकों के रखरखाव के सिस्टम में अब बड़ा बदलाव किया जाएगा। दरअसल, ने बीते शनिवार टीकों के परिवहन और स्टोरेज से जुड़ी खामियों को लेकर बड़ा खुलासा किया था।

इसमें हर साल 20 करोड़ से अधिक के टीके बर्बाद होने की बात पड़ताल में सामने आई थी। उसके बाद स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने तमाम खामियों को दूर करने के लिए अफसरों को एक्शन प्लान बनाने के लिए निर्देशित किया है।

नए सिस्टम के मुताबिक प्रदेश के सभी जिलों में जिला वैक्सीन स्टोर समेत कोल्ड चेन प्वाइंट सामुदायिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आदि ऐसी सभी जगह जहां टीकों को स्टोर किया जा रहा है। वहां पर पावर बैक के लिए सोलर एनर्जी सिस्टम लगाया जाएगा। ताकि बिजली जाने जैसी स्थिति में पॉवर बैकअप सिस्टम हर जगह पर उपलब्ध रहे। से खास बातचीत में स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि केवल टीकों के लिहाज से ही नहीं, प्रदेश के छोटे बड़े अस्पतालों में पीएम मोदी के ग्रीन एनर्जी कांस्पेट पर सभी जगहों पर सोलर एनर्जी सिस्टम बनाने के लिए व्यापक रणनीति बनाई जा रही है। उन्होंने बताया कि टीकों की बर्बादी रोकने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

## विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता पर तीन राउंड गोली चलाने वाला आम आदमी पार्टी का नेता गिरफ्तार



**रायगढ़।** विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता पर तीन राउंड गोली चलाने वाला आम आदमी पार्टी का नेता गिरफ्तार, दिल्ली भागने से पहले एसपी के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने पकड़ा। रायगढ़ जिले के खरसिया नगर पंचायत अंतर्गत संजय नगर में आम आदमी पार्टी के नेता व विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अमर अग्रवाल ने एक युवक पर एयरगन से तीन गोलियां चला दी थी। गोलियां चलाने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गया। दिनदहाड़े हुए गोली कांड से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है ?कि गोलीकांड जमीन विवाद के चलते हुआ। क्षेत्र के पटवारी और आरआई के मौके पर मौजूद होने की बात सामने आई है। जानकारी के मुताबिक आम आदमी पार्टी के नेता पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अमर अग्रवाल का क्षेत्र में जमीन विवाद है। यहां संजय नगर में स्थित जमीन को लेकर अमर अग्रवाल का विवाद गोपाल मिरी से था।

विष्णुदेव साय कैबिनेट की बैठक आज

## मोदी की गारंटी सहित कई मुद्दों पर हो सकती है चर्चा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार की कैबिनेट की आज (बुधवार) को बैठक होगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में यह बैठक कल शाम को मंत्रालय में होगी। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना से पहले प्रस्तावित इस बैठक में सरकार कुछ महत्वपूर्ण फैसले ले सकती है। सूत्रों के अनुसार कैबिनेट की बैठक में महतारी वंदन और धान किसानों को बोनस वितरण पर चर्चा होगी। बता दें कि महतारी वंदन योजना का शुभारंभ 7 मार्च को करने की तैयारी है। इसके लिए बालोद में कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी है। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी आ सकते हैं।

## भाजपा में शामिल होते ही धुल जाते हैं सारे पाप कांग्रेस ने उठाया सवाल, एसीबी की एफआईआर में चिंतामणि का नाम हटा

रायपुर । लोकसभा चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ में एक बार फिर कोल स्कैम का मामला गरमाने लगा है। कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में जाने के बाद चिंतामणी महराज का चिंता टल गया है। भाजपा ने अब उन्हें लोकसभा के लिए टिकट भी दे दिया है।




वहीं कोल स्कैम मामले को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने सवाल उठाया। छत्तीसगढ़ कांग्रेस संचार के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जब चिंतामणी कांग्रेस में थे, तो कोल घोटाले का आरोप लगा। उन्हें भी आरोपी ठहराया गया था, लेकिन भाजपा में प्रवेश करते ही घोटले के सारे दाग धुल गया। उन्होंने मांग की है कि बाकी आरोपियों की तरह चिंतामणी महराज पर भी एफआइआर दर्ज हो। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में सुशील आनंद शुक्ला ने पत्रकार वार्ता में कहा कि कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार और कांग्रेस नेताओं को बदनाम करने के उद्देश्य से कांग्रेस की सरकार के दौरान ईडी ने अनेक कार्यवाहियां किया था। ईडी ने तथाकथित कोल घोटाला को लेकर तीन सालों तक जांच किया और जब कुछ हासिल नहीं कर पाई, तो ईडी ने राज्य के एंटी करप्शन ब्यूरो को 11 जनवरी 2024 को पत्र लिखकर इस मामले में एफआईआर दर्ज करने को कहा।

उन्होंने आगे कहा कि इस पत्र में ईडी ने इस तथाकथित कोल घोटाले को लेकर विस्तृत ब्यौरा भी दिया। इसमें कुछ लोगों के नाम भी सौंपा जिनके खिलाफ एफआईआर दर्ज किये जाने को कहा गया था। इस पत्र में ईडी ने जिन लोगों के नाम सौंपा है, उनके सामने तथाकथित रूप से कितनी राशि प्राप्त हुई उसका उल्लेख भी किया है। इसी में 10वें क्रम पर ईडी ने तत्कालीन कांग्रेस के सामरी से विधायक चिंतामणी महराज के नाम का उल्लेख करते हुए पांच लाख रुपये लिए जाने का दावा किया है। ईडी ने उनके खिलाफ भी मुकदमा दर्ज करने को लिखा है।शुक्ला ने कहा कि ईडी ने इस पत्र के आधार पर एसीबी ने जो एफआईआर 17 जनवरी 2024 को दर्ज किया है, उसमें चिंतामणी महराज का नाम नहीं है। चिंतामणी महराज जो कांग्रेस के विधायक थे, अब भाजपा में शामिल होकर भाजपा से सरगुजा लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार हैं। उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि जैसे ही मोदी के वाशिंग मशीन में डाले गए उनके सारे पाप धुल गया। कमल छाप का ताबीज पहनकर वे ईमानदार हो गए। एक पत्र के आधार पर जब 3 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाता है, तो फिर चिंतामणी महराज का नाम एफआईआर से बाहर क्यों किया गया? इसीलिए कि वे भाजपा में शामिल हो गए हैं? उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि यह भाजपा का चरित्र है विपक्षी दलों के नेताओं के खिलाफ ईडी, आईटी, सीबीआई को आगे कर मुकदमा दर्ज किया जाता है।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए रणनीति बनाकर करना होगा काम : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने दो दिवसीय ''छत्तीसगढ़ क्लाइमेट चेंज कॉन्क्लेव 2024'' का किया शुभारंभ

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन पूरे विश्व के लिए विकराल समस्या है। जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों के कारण अनियमित वर्षा, लंबे समय तक सूखा, चक्रवाती वर्षा, वर्षा ऋतु के समय में परिवर्तन जैसी चुनौतियां पूरी दुनिया के साथ ही देश और प्रदेश के सामने भी हैं।






इससे निपटने के लिए हमें रणनीति तय कर प्रकृति को बचाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करना होगा। मुख्यमंत्री आज राजधानी रायपुर के एक निजी होटल में दो दिवसीय ''छत्तीसगढ़ क्लाइमेट चेंज कॉन्क्लेव 2024'' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कॉन्क्लेव का शुभारंभ किया।

वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप, विधायक एवं पद्मश्री सम्मानित श्री अनुज शर्मा, पद्मश्री श्रीमती फूलबासन यादव, पद्मश्री श्री हेमचंद मांझी और पद्मश्री श्री जागेश्वर यादव, वन विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री मनोज कुमार पिंगुआ, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री व्ही. श्रीनिवास राव सहित वरिष्ठ अधिकारी, जनजाति समुदायों के प्रतिनिधि, वैद्यराज इस अवसर पर उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम प्रकृति के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ज्यादा सुख-सुविधाओं की ओर बढ़ रहे है। जिससे असंतुलन की स्थिति बनती है, विसंगतियां आती हैं। जलवायु परिवर्तन की चुनौती के समाधान के उपायों के संबंध में वर्ष 2015 में पेरिस समझौता किया गया था। जिसमें 196 देश शामिल हैं।



# अर्थव्यवस्थाः आंकड़ों को दिशासूचक की तरह लेने की जरूरत, अब भी सामने खड़ी हैं चुनौतियां

एक पुरानी कहावत है कि आमतौर पर लोग उस बात पर तुरंत विश्वास कर लेते हैं, जिसे वे सच मानना चाहते हैं। हरेक कुछ महीनों में भारत की सार्वजनिक बहस में यही सच सामने आता है। अर्थव्यवस्था की स्थिति के बारे में आंकड़े सामने आते ही बयानबाजी शुरू हो जाती है। बेहद ध्रुवीकृत राजनीतिक अखाड़े में समर्थक वाह-वाह करते हुए और शक्की अविश्वास में बहस करते हुए पाए जाते हैं। रह गए संशयवादी, तो वे संशय ही करते रहते हैं। हाल ही में देश और दुनिया को बताया गया कि इस वर्ष अर्थव्यवस्था पांच जनवरी को पूर्वानुमानित 7.3 फीसदी नहीं, बल्कि 7.6 फीसदी की दर से विकास करेगी। उत्कृष्ट प्रदर्शन ने सबको हैरान कर दिया।

दिसंबर, 2023 तक रिजर्व बैंक के पेशेवर पूर्वानुमान सर्वे ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए वास्तविक जीडीपी 6.0-6.9 फीसदी के दायरे में रहने की उच्चतम संभावना जताई थी। विकास दर में यह वृद्धि पिछले वर्षों और तिमाहियों के आंकड़ों में संशोधन के बाद हुई है, जिसके तहत वर्ष 2022- 23 की जीडीपी विकास दर कम रही और मौजूदा वर्ष की पहली तिमाही के आंकड़ों में यह ऊपर दिखी। इसमें यह खुलासा भी किया गया कि अक्तूबर और दिसंबर, 2023 के बीच अर्थव्यवस्था 8.4 फीसदी की दर से बढ़ी। जीडीपी की 8.4 फीसदी दर पर बहुत ज्यादा उत्साह पैदा हुआ, जबकि इस अवधि के लिए सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) 6.5 फीसदी था। कम जीवीए को सब्सिडी पर कम खर्च और करों में वृद्धि के रूप में विश्लेषित किया जाता है। जीवीए में करों को जोड़कर और उसमें से सब्सिडी घटाने पर जीडीपी का आंकड़ा निकाला जाता है। दिलचस्प बात यह है कि तीन तिमाहियों में जीवीए क्रमिक रूप से 8.2 फीसदी से घटकर 6.5 फीसदी हो गया है।

अर्थव्यवस्था की स्थिति पर बहसें अक्सर आंकड़ों की बारीकियों में खो जाती हैं। स्पष्ट है कि अर्थव्यवस्था ने उम्मीद से ज्यादा और पूर्वानुमानों से बेहतर प्रदर्शन किया है। यह बुनियादी संरचनाओं पर खर्च और जीएसटी एवं प्रत्यक्ष करों के आंकड़ों से भी स्पष्ट होता है। जीडीपी के अनुमान से विनिर्माण एवं निर्माण के क्षेत्र में भी मजबूत वृद्धि का पता चलता है। आय में वृद्धि और शेयर सूचकांकों की शानदार उछाल से इसकी पुष्टि होती है। यह सब स्वीकारते हुए भी कहना होगा कि सब कुछ ठीक नहीं है। ये अनुमान विकास की रफ्तार और गति में



विभिन्न सर्वे बताते हैं कि देश की अर्थव्यवस्था चमत्कारिक ढंग से आगे बढ़ रही है, जो अच्छी बात भी है। लेकिन आंकड़ों को दिशासूचक की तरह लेने की जरूरत है, क्योंकि सामने खड़ी चुनौतियां उन वास्तविकताओं की तरह हैं, जिन्हें हम नजर अंदाज नहीं कर सकते।

मंदी का भी संकेत देते हैं। वर्ष के अंत में 7.6 फीसदी का अनुमान बताता है कि चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर छह फीसदी के आस-पास होगी। सामाजिक व्यवस्था के अन्य तत्वों की तरह आर्थिक विकास भी औसत के नियम से नियंत्रित होता है। क्या यह गिरावट है, सांख्यिकीय प्रभाव है या कोई संरचनात्मक मुद्दा है, जिसे विकास को बनाए रखने के लिए संबोधित किया जाना चाहिए?

आंकड़े बताते हैं कि विकास की इस गति में हर क्षेत्र शामिल नहीं है। भले ही जीडीपी 7.6 फीसदी की दर से विकास कर रहा हो, पर तथ्य यह है कि निजी खपत मुश्किल से तीन फीसदी की दर से बढ़ रही है, जो चिंता का विषय होना चाहिए। खपत के आंकड़े इसलिए महत्वपूर्ण हैं कि जीडीपी में खपत का योगदान 55.6 फीसदी होता है। ऐसे में सवाल उठता है कि खपत में गिरावट एक मौसमी मुद्दा है या खर्च करने की क्षमता में बुनियादी गिरावट है।

हालांकि पीड़ा को कम करने और खपत बढ़ाने के लिए सरकारी हस्तक्षेप किया गया है। लेकिन 81 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज, 50 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य सेवा, 16 करोड़ से ज्यादा लोगों को ग्रामीण रोजगार के अलावा धन हस्तांतरण, घर एवं उपभोग्य सामग्रियों के प्रावधान जैसे कल्याणकारी कार्यक्रमों के आक्रामक विस्तार के बावजूद खपत घट रही है। इसका असर कम लागत वाली वस्तुओं की बिक्री एवं उपभोक्ता वस्तुओं तथा टिकाऊ निर्माताओं की कमाई पर दिख रहा है। दरअसल, अंतरिम बजट के पहले उद्योग मंडलों ने कल्याणकारी लाभों के विस्तार की बात की थी। जीडीपी के अनुमानों में अन्य चिंताजनक आंकड़े भारत के दो सबसे बड़े नियोक्ताओं से संबंधित हैं। पहला सेवा क्षेत्र, जो बड़ी संख्या में नए रोजगार पैदा करता है और दूसरा कृषि, जो संपूर्ण कार्यबल के 45 फीसदी से ज्यादा कार्यबल को रोजगार देती है। कृषि में तीसरी तिमाही में संकुचन दिखाई दिया और वर्ष के अंत में उसकी वृद्धि दर 0.7 फीसदी हो सकती है। सेवा क्षेत्र भी पिछड़ गया है और दोहरे अंक की वृद्धि के ऐतिहासिक स्तर से काफी नीचे रुका हुआ है।

कुछ अन्य मुद्दों पर भी ध्यान दिए जाने की जरूरत है। देश की जनसांख्यिकी से पता चलता है कि युवा कार्यबल अब ज्यादातर उत्तर के सबसे आबादी वाले राज्यों में रहते हैं, जबकि विकास, रोजगार, आय और खपत का झुकाव भारत के दक्षिणी और पश्चिमी राज्यों की ओर है। 60 हजार नौकरियों के लिए 48 लाख युवा आवेदन देते हैं, राज्यों में अक्सर पेपर लीक के मामले सामने आते हैं, इंजीनियरिंग एवं मैनेजमेंट कॉलेजों में कैंपस प्लेसमेंट में भारी गिरावट आई है। इन सबके मद्देनजर मूल्यांकन और सुधारात्मक कार्रवाई की आवश्यकता है। इसके अलावा, दुनिया भर के निगम जेनरेटिव एआई और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग करने वाले सिस्टम में करीब 200 अरब डॉलर का निवेश कर रहे हैं। वित्तीय क्षेत्र और आईटी सेवाएं भारत के शिक्षित युवाओं के सबसे बड़े नियोक्ताओं में से हैं। वर्ष 2023 में दुनिया भर के बैंकों ने 60 हजार से ज्यादा नौकरियां खत्म कर दीं।

**शंकर अय्यर**

## संपादकीय

### ये आंकड़े चुनावी हैं?

उल्लेखनीय है कि दो वर्ष बाद आंकड़ों में संशोधन किया गया है। तो प्रश्न है कि क्या अब बताए गए आंकड़े अंतिम हैं? या आम चुनाव के माहौल में सुर्खियां बटोर लेने के बाद इनमें भी परिवर्तन किया जाएगा? राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने आर्थिक वृद्धि संबंधी आंकड़ों में कई संशोधन किए और नतीजा हुआ कि भारत के 2023-24 के आंकड़ों में चमत्कारिक वृद्धि हो गई। पिछले महीने एनएसओ ने यह वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। अब इसे बढ़ाकर 7.6 प्रतिशत कर दिया गया है। बताया गया कि वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में यह दर 8.4 प्रतिशत तक पहुंच गई। चालू वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था में अनुमानित सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) को बढ़ा कर 6.9 प्रतिशत पर रखा गया है। तो यह देखना दिलचस्प होगा कि आखिर बाकी संशोधन किस आधार पर किए गए। एनएसओ ने 2022-23 में दर्ज हुई जीडीपी वृद्धि दर को घटाकर अब 7.2 से 7 प्रतिशत कर दिया है। जाहिर है, जब आधार नीचे हुआ, तो इस वर्ष की वृद्धि दर ऊंची हो गई। वैसे संशोधन 2021-22 (कोरोना महामारी के ठीक बाद वाले साल) के आंकड़ों में भी किया गया, जिसे अब 9.1 से बढ़ाकर 9.7 प्रतिशत कर दिया गया है। तो चूंकि वह आधार ऊंचा हुआ, तो अगले वर्ष की वृद्धि दर गिर गई। उधर पिछले वित्त वर्ष के बारे में बताया गया था कि जीवीए वृद्धि 7 प्रतिशत रही। लेकिन अब इसे घटा कर 6.7 प्रतिशत कर दिया गया है। तो यहां भी आधार नीचे हुआ। उससे चालू वित्त वर्ष का अनुमान ऊंचा हो गया। उल्लेखनीय है कि दो वर्ष बाद आंकड़ों में संशोधन किया गया है। तो प्रश्न है कि क्या अब बताए गए आंकड़े अंतिम हैं?

# नजरियाः बदल रहा है लोकतंत्र का विचार, रामराज्य में नैतिक मूल्यों के साथ सामुदायिक कल्याण पर जोर

चुनाव की धुकड़-धुकड़ में सन्नाटा-सा छाया है! लोकतंत्र के पर्व की दाल केवल चुनावी भट्टी में ही गलती है! कृषि-प्रधानता छोड़, देश चुनाव-प्रधान हो गया है, इसलिए बारहों महीने रात-दिन चुनावी रणनीतियां बनती रहती हैं। देश किसी भी अभाव में चल सकता है, लोकतंत्र के बिना नहीं!

मगर स्वतंत्रता के बाद देश के भीतर विवादों और अलगाववाद के किले खड़े करते-करते लोकतंत्र स्वयं लड़खड़ाने लगा है और अपना जीवंत विकल्प मांगने लगा है। संयोग है कि इसी बीच राष्ट्रीय परिषद की बैठक में भाजपा ने अयोध्या के राम मंदिर को देश के लिए ऐतिहासिक और अनुपम उपलब्धि बताते हुए नए कालचक्र के श्रीगणेश के साथ भारत में अगले एक हजार वर्षों के लिए रामराज्य की स्थापना का एक संकल्प पारित किया है। भारत की समृद्धि से भरी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धारा में शासन प्रबंधन के दो मॉडल प्रकट होते हैं = लोकतंत्र और रामराज्य। लोकतंत्र को स्वतंत्रता और समानता के प्रकाश के रूप में पूजा गया है। दूसरी ओर, रामराज्य मूल रूप से भारतीय संस्कृति की सच्ची आत्मा को प्रतिष्ठित करता है तथा एक समरस और आदर्श शासन व्यवस्था प्रदान करता है। लोकतंत्र से जुड़े खतरों की गहरी पड़ताल करें, तो भारतीय संदर्भ में रामराज्य एक उपयुक्त और सार्थक विकल्प के रूप में हमारे सामने प्रस्तुत होता है। लोकतंत्र वैश्विक रूप से अपनाए जाने वाली राजनीतिक व्यवस्थाओं में से एक है, जिसे



लोकतंत्र में सिर्फ संख्या के आधार पर व्यवस्था को रूप दिया जाता है। लेकिन नैतिक मूल्यों की आवश्यकता का केंद्र 'रामराज्य' में ही मिलता है।

आदर्श शासन व्यवस्था माना जाता है और सैद्धांतिक रूप से यह आदर्श व्यवस्था है भी। लेकिन समय का पहिया घूमता है और किसी व्यवस्था में बाह्य तत्वों का शनैः शनैः अतिक्रमण उसे निर्मूल कर देता है। यही लोकतंत्र के साथ भी हुआ है और निरंतर हो रहा है। स्वयं को लोकतंत्र का संरक्षक मानने वाले पश्चिमी और यूरोपीय देशों के लोकतंत्र में गैर-लोकतांत्रिक तत्वों का प्रदूषण इस हद तक फैल चुका है कि वह दिन दूर नहीं, जब इन देशों के मूल नागरिक इस पर पछताएंगे। भारत में लोकतंत्र-प्रदत्त स्वच्छंदता से भौगोलिक और सामाजिक-सांस्कृतिक विघटन की प्रक्रियाओं को ऑक्सीजन देने के लिए क्या जतन किए जा रहे हैं, इसका अनुमान कुछ राजनीतिक दलों, सामाजिक-मजहबी समूहों और व्यक्तियों के नित आने वाले वक्तव्यों से लगाया जा सकता है। भय, हिंसा, अशांति, अनैतिकता, भ्रष्टाचार, विषाक्त भाषा, धमकियां, अलगाववाद, देशद्रोह, और सामाजिक-सांस्कृतिक प्रदूषण सब लोकतंत्र की कोख में पलते हैं। लोकतंत्र में स्वतंत्रता, स्वच्छंदता, अभिव्यक्ति, शोषण, अधिकार आदि सब पर्यायवाची-से बन गए हैं! लोकतंत्र अब कोई पवित्र गाय नहीं रह गया है, जिसे प्यार से पाला-पोसा जाए और जिस पर गर्व किया जाए। इसके स्थान पर हम उस आदर्श शासन प्रणाली की ओर लौटें, जो सदियों से भारतीय मानस की रग-रग में जिंदा है और जिसकी कल्पना मात्र से ही हमारा रोम-रोम रोमांचित हो उठता है, जिसे हम रामराज्य कहते हैं। रामराज्य का अवतरण प्राचीन हिंदू शास्त्रों में होता है, विशेषकर रामायण में, जहां भगवान राम को न्यायपूर्ण और दयालु शासक के रूप में दिखाया जाता है, जिनके राज्य में सभी एक ही संस्कृति की छाया में रहते हैं, सब बराबर हैं, सब सुखी हैं, सब संपन्न, संतुष्ट और प्रफुल्लित हैं। रामराज्य धर्म, न्याय और करुणा के सिद्धांतों को अभिव्यक्त करता है। इसने समाज कल्याण को प्राथमिकता देने वाले दृष्टिकोण को विकसित किया है। नैतिकता और नैतिक शासन पर जोर देने से रामराज्य को भारतीय मूल्यों की अभिव्यक्ति के रूप में उठाया जाता है। रामराज्य सामुदायिक कल्याण को सुनिश्चित करने पर जोर देता है। नीतियां और निर्णय सभी नागरिकों के कल्याण के प्रति दायित्व और समर्पण की भावना के आधार पर मार्गदर्शित होते हैं।

– वीर सिंह

## मिला जुला

### एक नजर

सीमा हैदर और सचिन की मुश्किलें बढ़ी

#### पहले पति ने दोनों को भेजा 3-3 करोड़ का नोटिस

**नई दिल्ली** । पाकिस्तान से आई सीमा हैदर पिछले कई महीनों से अपने प्रेमी और भारतीय पति सचिन मीणा के साथ ग्रेटर नोएडा में अपने चार बच्चों के साथ रह रही हैं। लेकिन अब सीमा हैदर की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। सीमा के भारत आने की बात सामने आने के बाद उसके पाकिस्तानी पति गुलाम हैदर ने बार-बार बच्चों को वापस भेजने की मांग की है। इसके लिए उसने भारत की अदालत में अर्जी देने का भी फैसला लिया है। गुलाम हैदर का केस भारत में वकील मोमिन मलिक लड़ रहे हैं। हाल ही में इस केस को अपने हाथ में लेने वाले मोमिन मलिक ने बताया है कि क्यों इस मामले में सीमा का पक्ष कमजोर है और अदालत बच्चों को उनके मुवक्किल के पास भेजने का आदेश दे सकती है। इतना ही नहीं पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर की मुश्किलें बढ़ने वाली है।

ज्ञानवापी मामला

#### मंदिर ट्रस्ट के सीईओ ने की तहखाने की छत की मरम्मत की मांग

**वाराणसी** । श्री काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) विश्व भूषण मिश्रा ने ज्ञानवापी मस्जिद के दक्षिणी तहखाने की छत की मरम्मत के लिए जिला न्यायाधीश की अदालत में एक आवेदन किया है। सोमवार को दिए गए आवेदन में कहा गया कि नमाज पढ़ रही भीड़ के कारण हुए कंपन के कारण छत से एक पत्थर गिर गया। ज्ञानवापी मामलों के विशेष सरकारी वकील राजेश मिश्रा ने कहा, मंदिर ट्रस्ट के सीईओ ने दक्षिणी तहखाने की छत पर नमाज के लिए पहुंचने वाले नमाजियों की भीड़ को भी रोकने की मांग की है।

उन्होंने जमीन-आसमान बेचकर कोठियां बनवाईं, मैंने घर भी नहीं बनवाया-नरेन्द्र मोदी

# परिवारवादियों ने देश को बर्बाद किया - पीएम मोदी

हैदराबाद/भुवनेश्वर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 घंटे के अंदर एक बार फिर तेलंगाना पहुंचे। उन्होंने मंगलवार को सबसे पहले सिकंदराबाद के श्री उज्जयिनी महाकाली मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने संगारेड्?डी में 7200 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का इनॉगरेशन किया।



पीएम मोदी ने यहां रैली को संबोधित करते हुए एक बार फिर परिवारवाद को लेकर विपक्ष पर निशाना साधा। PM ने कहा- पता है ये लोग मुझे गाली क्यों दे रहे हैं? ये मोदी उनकी आंखों में चुभता क्यों है? उसका कारण है- मैं उनके सैकड़ों हजारों रुपए के घोटालों की पोल खोल रहा हूं।

पीएम ने कहा- मैं इनके परिवार के खिलाफ परिवारवाद के खिलाफ बोल रहा हूं। व्यक्तिगत आरोप नहीं लगाया। वो लोग मेरी बातों का जवाब नहीं देते हैं, वो कहने लगते हैं कि मोदी का परिवार ही नहीं है। अगर आपके पास परिवार है तो आपको चोरी करने की छूट है, सत्ता पर कब्जा करने की छूट है?

मोदी बोले- विपक्ष के लोगों ने सत्ता में रहते हुए भ्रष्टाचार के लिए जमीन-आसमान बेच दिए और अपनी कोठियां बनवाईं। मैंने आज तक अपना घर भी नहीं बनवाया। मैं गुजरात का मुख्यमंत्री और अब देश का प्रधानमंत्री रहते हुए अब तब 150 करोड़ के गिफ्ट नीलाम करवाकर जनता की सेवा में लगा दिए।

प्रधानमंत्री ने कहा- कल भी मैं तेलंगाना में थ और आज भी आया हूं। इन दो दिनों में 63 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ।

आप भी जानते हैं कि मोदी जो कहता है, वो करके दिखाता है। मैनें कहा था- भारत को पूरे विश्व में एक नई ऊंचाई पर ले जाएंगे। आज आप देख रहे हैं कि कैसे भारत पूरे विश्व में आशा की किरण बनकर नई ऊंचाई छू रहा है। मोदी ने कहा- हमने जम्मू कश्मीर से आर्टिकल 370 के अंत की बात कही थी। ये वादा BJP ने पूरा करके दिखाया। हमने कहा था कि हम सब मिलकर अयोध्या के भव्य मंदिर में भगवान राम का स्वागत करेंगे। ये वादा पूरा हुआ। मोदी की गारंटी पूरी हुई।

#### विपक्ष मुझे और मेरे परिवार को गाली दे रहा है

*मोदी ने कहा- आज जब मोदी आपसे और आपके परिवार को दी गई गारंटी को पूरा करने में लगा है, तो कांग्रेस और उसके साथी मोदी को और मोदी के परिवार को गाली देने पर उतर आए हैं। इसका कारण है- क्योंकि मैं इनके सैंकड़ों हजारों रुपयों के घोटालों की पोल खोल रहा हूं।*

# अब 100 सरकारी स्कूल बनेंगे स्कूल ऑफ ब्रिलियंस

हाईटेक वोकेशनल लैब का भी होगा निर्माण



**चंडीगढ़** । पंजाब विधानसभा में वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा पंजाब का बजट पेश कर रहे हैं। इस दौरान वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने स्कूल ऑफ एमीनेंस के बाद अब स्कूल आफ ब्रिलियंस बनाने का प्रस्ताव रखा है। इसके तहत 100 सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूलों को स्कूल ऑफ ब्रिलियंस में तब्दील किया जाएगा। इसके लिए वित्त मंत्री ने 10 करोड़ रुपए का शुरुआती प्रस्ताव रखा है।

इसके अलावा विद्यार्थियों में तकनीकी हुनर पैदा करने के लिए स्कूल आफ अप्लाइड लर्निंग की घोषणा भी की है। इसके लिए भी 10 करोड़ रुपए का प्रस्ताव रखा है। इसके तहत 40 स्कूलों में हाईटेक वोकेशनल लैब बनाई जाएगी।

इसके अलावा इस बजट में स्कूल ऑफ हैप्पीनेस की भी शुरुआत की है। इसमें तीन से 11 साल की उम्र के बच्चों में अनुकूल माहौल पैदा करने के लिए 100 प्राइमरी स्कूलों को स्कूल आफ हैप्पीनेस में बदलने का प्रस्ताव रखा है। इसके लिए भी 10 करोड़ का उपलब्ध किया है।

बेंगलुरु कैफे ब्लास्ट के तार ISIS से जुड़े

# 7 राज्यों में 17 ठिकानों पर NIA की रेड, चेन्नई से 5 लोग हिरासत में लिए गए

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेंगलुरु में मशहूर रामेश्वरम कैफे में शुक्रवार (1 मार्च) को हुए बम ब्लास्ट के तार आतंकी संगठन ISIS से जुड़ गए हैं। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने (NIA) मंगलवार को मामले में 7 राज्यों में 17 ठिकानों पर छापे मारे हैं।

NIA की टीम ने बेंगलुरु के आरटी नगर में टी नजीर के घर पर छापा मारा। टी नजीर के ISIS से जुड़े होने का शक है। उसने कथित तौर पर कैफे ब्लास्ट के लिए



आतंकवादियों को उकसाया था। इससे पहले आरटी नगर और सुल्तानपालिया में ग्रेनेड की खरीद के मामले में रेड की गई थी।

इन छापों में गोलियां और ग्रेनेड्स बरामद हुए हैं। जुनैद नाम का शख्स रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट का मास्टरमाइंड माना जा रहा है।

पंजाब का बजट पहली बार 2 लाख करोड़ के पार

# स्वास्थ्य क्षेत्र पर 5264 करोड़ और स्पोर्ट्स पर खर्च होंगे 272 करोड़

चंडीगढ़ । पंजाब विधानसभा में आम आदमी पार्टी सरकार ने बजट पेश कर दिया है। साल 2024-25 के लिए यह बजट 2 लाख 4 हजार 918 करोड़ का है। पंजाब में पहली बार बजट 2 लाख करोड़ से ज्यादा हुआ है।



इस मौके पर वित्तमंत्री हरपाल चीमा ने बताया कि स्कूली शिक्षा के लिए 16 हजार 967 करोड़ का बजट रखा। इसके अलावा स्पोर्ट्स के लिए 272 करोड़ का बजट रखा है। पूरे पंजाब में एक हजार खेल नर्सरी स्थापित होगी। पहले चरण में 250 खेल नर्सरी बनेगी। इसके लिए 50 करोड़ का शुरुआती बजट रखा है। महाराजा भूपिंदर सिंह स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के लिए 34 करोड़ का बजट रखा है। वहीं, आम आदमी क्लीनिक के लिए 249 करोड़ का बजट रखा है। फरिश्ते स्कीम के लिए 20 करोड़ का बजट, आयुष्मान भारत के लिए 553 करोड़ रुपए, नशा मुक्ति के प्रोजेक्ट के लिए 70 करोड़ रुपए और 58 नई एम्बुलेंस के लिए 100 करोड़ रुपए रिजर्व रखे गए हैं।

**दीक्षांत समारोह में 93 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक, 43 विद्यार्थियों को पीएचडी और एक मानद उपाधि दी गई**

# उच्च शिक्षा का युवाओं के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका - राज्यपाल

## केंद्रीय परियोजना 'मेरु' के तहत मिली 100 करोड़ रुपये के अनुदान से विश्वविद्यालय में बढ़ाई जाएंगी सुविधाएं







**शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षांत समारोह**

**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने कहा कि उच्च शिक्षा वास्तव में युवाओं के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के लिए उन्नत ज्ञान, कौशल और अवसर प्रदान करता है। उच्च शिक्षा के माध्यम से युवा गंभीर सोच क्षमताओं, रचनात्मकता और नैतिक मूल्यों को प्राप्त करते हैं, जो उन्हें जटिल चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करते हैं। यह बेहतर करियर संभावनाओं के द्वार खोलता है, आर्थिक विकास में योगदान देता है और अपने समुदायों में सशक्त नेताओं और सक्रिय नागरिकों को तैयार करता है। एक साक्षर युवा किसी भी समाज, राज्य या देश के भविष्य का प्रतिनिधित्व करता है। बस्तर जैसे क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ सरकार विशेष रूप से युवाओं से अपेक्षा करती है कि वे शांति, सद्भाव और प्रगति के मूल्यों को बनाए रखते हुए अपने समुदायों के सामाजिक-आर्थिक विकास में सक्रिय रूप से भाग लें। विशेष रूप से, उन्हें रोजगार क्षमता बढ़ाने और क्षेत्रीय विकास में योगदान देने के लिए शिक्षा और कौशल विकास पहल में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

राज्यपाल श्री हरिचंदन ने समारोह का हिस्सा बनकर हर्ष व्यक्त कर उपाधि और स्वर्ण पदक प्राप्त किए छात्रों और शोधकर्ताओं को हार्दिक बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। साथ ही छात्रों के माता-पिता, गुरुओं और मित्रों की भी सराहना की, जिनके समर्थन से स्नातकों की सफलता हासिल की। राज्यपाल और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के द्वारा दीक्षांत समारोह में 93 छात्रों को गोल्ड मेडल, 43 छात्रों को पीएचडी और एक मानद उपाधि प्रदान की गई।

राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि सत्र 2021-22 और 2022-23 को मिलाकर 76 फीसदी स्वर्ण पदक युवतियों को मिले हैं। इसी प्रकार महिला शोधकर्ताओं की संख्या पुरुष समकक्ष से अधिक है। आज आपकी उपलब्धियाँ महिलाओं की उल्लेखनीय क्षमताओं का एक शानदार प्रमाण हैं।

# कलेक्टर चतुर्वेदी ने किया गया गीदम विकासखण्ड का भ्रमण

### कृषकों से मुलाकात कर उनकी समस्या और अन्य फसल लगाने की सलाह भी दी



**दंतेवाड़ा ।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आज अपने भ्रमण करने के दौरान गीदम विकासखंड विभिन्न ग्रामों में कृषि, उद्यानिकी, मछली पालन, विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए फील्ड में पहुंचकर जानकारी ली एवं कृषकों को उन्नत खेती करने के लिये प्रोत्साहित भी किया गया। उन्होंने कारली के कृषकों से मुलाकात किया गया और अन्य फसल लगाने की सलाह भी दी गयी। जहां पर किसानों के द्वारा काली मिर्च लगाने की मांग की गई। जिसमें उनके द्वारा प्रपोजल तैयार करने हेतु निर्देश दिया गया।

इसके साथ ही कृषकों के द्वारा तार बाड़ी की मांग की गई। जिसे कलेक्टर के द्वारा स्वीकृति हेतु प्रपोजल बनाने का निर्देश भी अधिकारियों दिया गया। इसके अलावा वहीं महिला कृषकों द्वारा पेयजल की समस्या को बताया गया, जिसमें सोलर में लगा टंकी के छोटे होने से पेयजल की पूर्ति नहीं हो पा रही है, इसलिए बड़े टंकी की मांग की गई, साथ ही कृषकों के द्वारा तालाब में बना सिंचाई नहर के गेट मरम्मत की मांग भी की गई। कलेक्टर के द्वारा कृषक श्री रामप्रसाद वेको, ग्राम-बड़े कारली का फील्ड निरीक्षण किया गया। जहां पर पाली हाउस, बायो प्लेग, मूंग फसल, आम, अमरूद, पपीता फसल का अवलोकन किया और उपस्थित कृषक को अच्छे से खेती करने की सलाह दी गई। कलेक्टर ने नागुल में बन रहे तालाब मत्स्य विभाग द्वारा बनाए जा रहे कृषक श्री नाहरू मांझी, हीरानार कृषक श्री बोराराम, बुधू के यहां बने तालाब का निरीक्षण किया गया। ग्राम घोटपाल के कृषकों से मुलाकात किया गया, जिनको पूर्व में तार बाड़ी, नलकूप खनन कार्य हेतु मांग की गई थी उन किसानों का तारबाड़ी स्वीकृत होने की बात बताई गई एवं तालाब एवं डबरी बनाने की सलाह कृषको को दी गई, ताकि वाटर रिचार्ज किया जा सके एवं साथ ही मछली पालन कर लाभ प्राप्त कर सके।



# कांग्रेस का संदेश गांव-गांव तक पहुंचाने का लिया संकल्प

### -पर्यवेक्षक रेखचंद जैन ने ली ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक



**जगदलपुर।** मंगलवार दोपहर कांग्रेस भवन में जगदलपुर के पूर्व विधायक व पीसीसी से बस्तर संसदीय सीट के लिए आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नियुक्त पर्यवेक्षक रेखचंद जैन ने विभिन्न ब्लाकों से आए अध्यक्षों व पदाधिकारियों की बैठक ली। प्रेमशंकर शुक्ला, फतेह सिंह परिहार, महादेव नाग, नीलूराम बघेल आदि अन्य ब्लॉक अध्यक्षों ने अपने क्षेत्र की जानकारी देने के साथ गांव- गांव तक कांग्रेस का संदेश पहुंचाने तथा पार्टी की मजबूती का संकल्प लिया। श्री जैन ने अध्यक्षों से भाजपा की वादाखिलाफी को भी ग्रामीणों तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में शकील रिजवी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, बस्तर जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष बलराम मौर्य, श्रीमती चंपा कश्यप, रामशंकर राव, हनुमान द्विवेदी, अंगद प्रसाद त्रिपाठी, पुरषोत्तम नत्थानी, परमजीत सिंह जसवाल, गणेश बघेल, शिवराम बिसाई, सहदेव कश्यप, चंद्रशेखर, लक्ष्मण कश्यप, उत्तम नायक, सुनील दास, धनसिंग बघेल, वीर सिंग, कामता प्रसाद कोर्राम, गणेश कावड़े, वीरेंद्र सेठिया, मधु निषाद, आशीष मिश्रा, अभिषेक डेविड, अंकित पारख, जानकीराम भारती, बृज श्रीवास्तव, धनुर्जय कश्यप, सावित्री समेत कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।




## एक नजर

### कलेक्टर द्वारा स्थानांतरित राजस्व अधिकारियों को दी गई भावभीनी विदाई

**दंतेवाड़ा ।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के. ने जिले से स्थानांतरण होने वाले राजस्व अधिकारियों को जिले में बेहतर कार्य करने और दिए गए दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन के लिए सराहना कर नवीन स्थानांतरण स्थल में नये दायित्व के लिए शुभकामनाएं दिए। सभी अधिकारियों ने भी बारी-बारी से अपने अनुभव साझा किया। दंतेवाड़ा जिले से संयुक्त कलेक्टर श्री सुरेंद्र कुमार ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर श्री शिवनाथ बघेल, डिप्टी कलेक्टर श्री आनंद नेताम तथा डिप्टी कलेक्टर डॉ कल्पना ध्रुव का स्थानांतरण हुआ है। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री कुमार बिश्वरंजन,एसडीएम श्री जयंत नाहटा,अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे सहित सभी अनुविभागीय दंडाधिकारी और कार्यपालिक दंडाधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### पुलिस अभिरक्षा में मौत मामले में न्यायियक जांच करवाई

**दंतेवाड़ा।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दंतेवाड़ा से प्राप्त जानकारी अनुसार आम जनता (जिस किसी के संबंध में हो) को नोटिस (सूचना) दिया जाता है कि थाना अरनपुर के अप.क.- 05/2023 धारा 147, 148, 149, 307, 302 भा. द.सं., 25, 27 आर्म्स एक्ट, 04, 05 विप. अधि. 13(1) 38 (2) 39 (2) विधि विरुद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम, 8(1) (3) (5) छ. ग. विशेष. जन. सुरक्षा अधिनियम के प्रकरण के नामजद नक्सली आरोपी पोदिया माड़वी पिता नंदा माडवी उम्र लगभग 40 वर्ष, निवासी ग्राम पेड़का को 27 जनवरी 2024 के समय 5 बजे नक्सली ग्रस्त सर्चिंग के दौरान ग्राम पेड़का के पास से पकड़कर पूछताछ, अग्रिम कार्यवाही करने हेतु पुलिस अभिरक्षा में लिया गया तभी उसी दौरान नक्सली आरोपी पोदिया माड़वी की तबीयत अचानक खराब होने से पुलिस पार्टी द्वारा तत्काल प्राथमिक उपचार हेतु जिला अस्पताल दंतेवाड़ा में 8 बजे लाकर भर्ती कराया गया। डॉक्टर द्वारा तत्काल उपचार प्रारंभ कर इलाज लगातार किया जा रहा था। उपचार के दौरान देर रात लगभग 12:20 बजे आरोपी पोदिया माड़वी का मृत्यु होना डॉक्टर द्वारा घोषित किया गया। थाना अरनपुर के अप.क.-05/2023 के नामजद नक्सली आरोपी पोदिया माड़वी पिता नंदा माडवी, उम्र-40 वर्ष, निवासी ग्राम पेडका, थाना-अरनपुर के पुलिस अभिरक्षा में मृत्यु के संबंध में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा जांच कार्यवाही किया जा रहा है। उक्त संबंध में इस नोटिस के माध्यम से आप आम जनता (जिस किसी का भी संबंध हो) को नोटिस दिया जाता है कि उक्त घटना के संबंध में किसी प्रकार की जानकारी हो तो अपना कथन लेखबद्ध कराये जाने हेतु 15 मार्च 2024 को दिन के ठीक 10 बजे इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर अपना कथन लेखबद्ध करा सकते है। आप आम जनता (जिस किसी का भी संबंध हो) की अनुपस्थिति की दशा में जांच प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही किया जायेगा। यदि किसी कारण न्यायालयीन अवकाश हो जाता है तो उक्त मामले की सुनवाई अगले कार्य दिवस में की जावेगी। 04 मार्च 2024 को मेरे हस्ताक्षर व पदमुद्रा लगाकर जारी किया गया।

### आस्था गुरुकुल में अब नए स्कूल भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ

9 वीं से 10वीं तक कक्षा ही होंगे संचालित



**दंतेवाड़ा ।** दंतेवाड़ा जिले में दूरस्थ अंचलों के नक्सली अहिंसा से पीड़ित अनाथ बच्चों के लिए जिला प्रशासन की अनोखी पहल आस्था गुरुकुल आवासीय विद्यालय, इस विद्यालय की स्थापना 2007-08 में की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से नक्सल पीड़ित परिवारों के बच्चों के लिए स्थापित किया गया है। यह विद्यालय दंतेवाड़ा जिले में शैक्षणिक संस्थानों में से एक है, जो क्षेत्रीय विकास और शिक्षा के प्रसार में योगदान दे रहा है। उल्लेखनीय है कि राज्य में चल रहे नक्सली हिंसा से अनाथ हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षा, आवास भोजन स्वास्थ्य खेल मनोरंजन आदि की सुविधा प्रदान कर विभाग संरक्षक की भूमिका निभाते हुए रोजगार में स्थापित कर ऐसे बच्चों के जीवन में स्थायित्व पैदा करना है। इस विद्यालय में बच्चों को दी जाने वाली सुविधाएं जैसे ग्रंथालय, कंप्यूटर शिक्षा, अवकाश कालीन प्रशिक्षण, चिकित्सा सुविधा, मनोरंजन एवं खेलकूद की सुविधा, व्यावसायिक शिक्षा आदि शामिल है। आस्था गुरुकुल विद्यालय में वर्तमान में संचालित पहली से लेकर आठवीं क्लास तक संचालित थी। आस्था गुरुकुल आवासीय विद्यालय में बीते दिनो कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी द्वारा उक्त विद्यालय का निरीक्षण किया गया। इस दरमियान विद्यालय के अधीक्षक और बच्चों द्वारा विभिन्न समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया गया।

उन्होंने बच्चों और अधीक्षक की मांग पर त्वरित कार्रवाई करते हुए नए स्कूल भवन का निर्माण कार्य आस्था गुरुकुल विद्यालय दंतेवाड़ा में प्रारंभ करने की भी निर्देश संबंधित को दिए गए। जिससे आने वाले सत्र में बच्चों के लिए 9 वीं से 10 वीं तक कक्षाएं संचालित करने के निर्देश भी दिए।

## आयुष्मान भारत अंतर्गत जिला शिकायत निवारण समिति की बैठक का हुआ आयोजन



**कोण्डागांव।** आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत जिला शिकायत निवारण समिति की बैठक कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गयी। जिसमें पंजीकृत शासकीय एवं निजी अस्पतालों के निरस्त क्लेम, लंबित क्लेम एवं अन्य प्रकरणों में आ रही समस्याओं के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नीलम टोप्पो, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला अस्पताल डॉ0 आरसी ठाकुर, राज्य स्तरीय प्रतिनिधि रायपुर डॉ0 अमित जायसवाल, आयुष्मान भारत नोडल अधिकारी डॉ0 बसंत तोड़े, समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारी, आयुष्मान भारत जिला कार्यक्रम समन्वयक सहित पंजीकृत शासकीय एवं निजी अस्पतालो के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## काटागांव में ग्राम विकास हेतु ग्राम पंचायत प्लांनिग टीम का किया गया गठन

**कोण्डागांव।** विकासखंड माकड़ी के ग्राम पंचायत काटागांव की सरपंच जमुना मरकाम की अध्यक्षता में पंचायत को मजबूत करने हेतु सभी पंचायत कर्मचारियों एवं जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ग्राम स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में ग्रामीणों के समक्ष ग्राम पंचायत प्लांनिग एवं फैसिलिटेशन टीम का गठन किया गया। जिसके तहत बैठक में आये ग्रामीणों ने पंचायत से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर प्रकाश डाला। जिसमें उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, जल निकासी आदि पर जोर दिया। इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा पंचायत के विकास करने हेतु ग्रामीणों की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि पंचायत में शिक्षा को केंद्र में रखकर सभी स्कूलों में शत-प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित किया जाना चाहिए और उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि इस समस्या के समाधान के लिए सामुदायिक जनचैपाल का आयोजन किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि अन्य गतिविधियां जो सबकी भागीदारी एवं सबका विकास सुनिश्चित करेंगी पर जोर दिया जाना चाहिए।



## एनीमिया मुक्त कोंडागांव अभियान का अध्ययन करने पहुंचा दो सदस्यीय केन्द्रीय दल

### कलेक्टर दुदावत ने योजना के क्रियान्वयन के संबंध में दी जानकारी



**कोण्डागांव।** एनीमिया और कुपोषण की गंभीर चुनौतियों का समाधान करने के लिए जिले में शुरु की गई एनीमिया मुक्त कोंडागांव अभियान का अध्ययन करने के लिए दो सदस्यीय केन्द्रीय दल सोमवार को कोंडागांव पहुंची। दल में नीति आयोग के अंडर सेक्रेटरी श्री जगवीर सिंह तथा आवास एवं नगरीय प्रशासन विभाग के अंडर सेक्रेटरी श्री दीपक कुमार शामिल हैं। कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने जिले को एनीमिया मुक्त करने के लिए प्रारंभ किए गए इस अभियान के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर श्री दुदावत ने अध्ययन दल के अधिकारियों को बताया कि एनीमिया मुक्त कोंडागांव जिला प्रशासन की एक पहल है। यह जिला एनीमिया और कुपोषण की गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा था। एनीमिया और कुपोषण की इस चुनौती का सामना करने के लिए योजना निर्माण के साथ योजना का के क्रियान्वयन की निगरानी भी एक चुनौती थी, क्योंकि जिले का कुछ क्षेत्र दुर्गम तथा अतिसंवेदनशील है।

# कोंडागांव में बामसेफ एवं भारत मुक्ति मोर्चा राज्य स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम संपन्न




**कोंडागांव।** सर्व आदिवासी सदन में पवन मेश्राम ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर व जयपाल सिंह मुंडा जी की छायाचित्र प्रदीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर बस्तर में एस टी एससी ओबीसी को एकजुट होकर संघर्ष करने की बात कही बामसेफ एवं भारत मुक्ति मोर्चा राज्य स्तरीय कार्यक्रम हुआ संपन्न जिसमें माननीय वामन मेश्राम राष्ट्रीय अध्यक्ष बामसेफ एवं भारत मुक्ति मोर्चा इस कार्यक्रम में सहयोगी बाबा साहेब सेवा संस्था के संरक्षक पंचू सागर, प्रमोद भारती, पी पी गोडांने, प्रवक्ता झिटकु मरकाम,अध्यक्ष मुकेश मारकंडेय, मंगउ राम देवांगन, ओमप्रकाश नाग, पुष्कर सिंह मांडवी, नरसिंह देव मंडावी, भुवन मारकंडेय, देवानंद चौरे, उमेश नाग, दिनेश डहेरिया, सिद्धार्थ महाजन, संदीप वासनिकर,श्रीमती सुनीता जांगड़े ,मंगला गोडांने, दीपमाला चौरे, सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष बंगाराम सोढ़ी, सूरज मातलाम, मन्नाराम नेताम,मुस्लिम समाज से मोहम्मद इरशाद खान, गोलू इरशाद खान, मोहम्मद ईस्माइल सानी, मोहम्मद सुल्तान, मोहम्मद शाहरुख, अनीश मेमन केसकाल से सर्व अनुसूचित जाति अध्यक्ष धंसराज टंडन बौद्ध समाज सी. एल मेश्राम, रमाकांत महाजन, सतनामी समाज जिला अध्यक्ष सानू मारकंडे ,लक्ष्मीनाथ सोनवानी ,विशाल बंजारे, जय किशन मारकंडे ,रामकुमार कोसले और अन्य समाज प्रमुक ,कार्यकर्ता शामिल हुए।

# किरंदुल में हो रहा घरेलू का गोरख धंधा 15 केजी 930 का सिलेंडर दिया जा रहा 1000 और 1200 मे




**किरंदुल बचेली।** किरंदुल मे कई महीनों से घरेलू सिलेंडर जिसकी कीमत 930 है किरंदुल मे इस सिलेंडर की कीमत 1000 र और बिना कार्ड के बाहर से आये कुछ कंपनी जैसे एलएनटी कल्पतरु और छोटी बड़ी कंपनी जिनके पास घरेलू गैस उपभोक्ता कार्ड नहीं है उनको बिना कार्ड के रोजाना 15 से 20 सिलेंडर इन कंपनी को दिया जाता है और सिलेंडर को200 से 300 र अधिक मे दिया जा रहा है जबकि आम नागरिकों को सिलेंडर के लिए इंतजार करना होता है कभी कभी तो लोगो को सिलेंडर भी नहीं मिलता है और इस तरह सिलेंडर की दलाली करने वाले रोजाना हजारों रुपए की सरकार को नुकसान पहुंच रहे हैं मोदी जी की महत्वाकांक्षी उज्जवला योजना पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है बचेली की गैस एजेंसी संतोष ध्रुव से इसके बारे में जानकारी ली तो उन्होंने जानकारी दी की किरंदुल में दो लोगों को सिलेंडर रखकर सुविधा देने के लिए अधिकृत किया गया है जिसमें एक है नजीर और दूसरे है निर्मला शर्मा जानकारी मिली है कि नजीर के पास रोजाना एक पिकअप भर के सिलेंडर आता है और संतोष ध्रुव ( शांति कुंज ) गैस एजेंसी से हमने जानकारी मांगी तो जानकारी दी गई कि उनको सिर्फ आठ सिलेंडर रखने का अधिकार है और इस तरह से सिलेंडर का गोरख धंधा किरंदुल है बहुत ही ज्यादा फल फूल रहा है संतोष ध्रुव के द्वारा यह भी जानकारी दी गई की बचेली में एजेंसी होने के कारण हमने किरंदुल में नजीर को और श्रीमती निर्मला शर्मा को इसके लिए अधिकृत किया है

उन्हें जानकारी दी कि उनका जो सिलेंडर का वाजिब दर है ?930 उतना ही उनको लेना है पर जानकारी है किरंदुल में ?1000 में सिलेंडर दिया जाता है जो की वाजिद दर से 70 अधिक है लोग 70 अधिक देकर सिलेंडर खरीदने पर मजबूर है।

# गाय और ब्राह्मण सनातन धर्म की रीढ़-शंकराचार्य अविमुक्ते श्वरानंद

* शंकराचार्य अविमुक्ते श्वरानंद भावभीना स्वागत * शंकराचार्य ने कहा गाय को मिले राष्ट्र माता का दर्जा

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

गाय एवम ब्राह्मण की रक्षा देश वासियों का प्रथम दायित्व है। विश्व कल्याण की भावना हर देशवासी में मौजूद है। हिंदू राष्ट्र बनाने शर्ते तय होनी चाहिए सनातन धर्म की रक्षा के लिए बच्चो को धर्म की शिक्षा देने आवश्कता है।





इन तमाम विषयो पर आज शंकरा चार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने राजधानी स्थित सुनील लेंध्रा के निवास स्थान पर चर्चा के दौरान कही। सुनील लेंध्रा के जन्मदिन की पूर्व उनके निवास पधारे शंकरा चार्य अविमुक्तेश्वरानंद का सिग्नेचर होम कॉलोनी वासियों ने भावभीना स्वागत किया। सुनील लेंध्रा ने उपस्थित लोगों के कल्याण व उन पर आशीर्वाद बनाए रखने की कामना की जिसकी सराहना करते हुए शंकराचार्य ने कहा जब मनुष्य सबके कल्याण का सोचता है तो उसका कल्याण सबसे पहले होता है। सभी की प्रार्थना में विश्व कल्याण की भावना शामिल होनी चाहिए। भगवान यदि आपकी प्रार्थना सुन रहा हो तो सबसे असंतुष्ट जनों को संतुष्ट करने की कामना करनी चाहिए उसके बाद ईश्वर से राजा को न्याय के लिए सम्यक दृष्टि दिए जाने की कामना करनी चाहिए। ताकि सभी को बराबर न्याय मिल सके। मौजूद भक्तो के मन मे गाय ब्राम्हण हिंदू राष्ट्र सनातन धर्म से जुड़े सवालों का शंकराचार्य ने जवाब देते हुए गाय एवम ब्राम्हण को सनातन धर्म में रीढ़ बताया। गौ और ब्राम्हण का सम्मान करने वालो को देवताओं का आशीर्वाद मिलता है। उन्होंने कहा आस पास का वातावरण खुशनुमा बनाए रखे इससे आपको भी खुशी हासिल होगी। हिंदू राष्ट्र बनाए जाने के प्रश्न को गभीरता से लेते हुए शंकराचार्य ने कहा हिंदू राष्ट्र क्यों बनना चाहिए इसकी शर्ते क्या होगी। हिंदू राष्ट्र का प्रारूप क्या होगा, हिंदू राष्ट्र बनाए जाने से सबके दुख खतम जो जायेंगे इन सभी बातो को समझना आवश्यक है। अंग्रेजो ने हिंदू शब्द की व्याख्या भी गलत तरीके से की है। लेकिन हिंदुओ ने उसे भी आत्मसात करते हुए हिंदू शब्द को सही तरीके से परिभाषित किया है। हिंसा को दूषित मानने वाला सही मायने में हिंदू है। हिंदू ने ही हिंसा से दूर रहते हुए सबके कल्याण की भावना को आत्मसात किया है। हमला होने की स्थिति में जैसे सेना सबसे पहले देश के राष्ट्रपति को बचाती है। शतरंज के खेल में भी राजा को बचाने के लिए हाथी घोड़े प्यादे का जीवन खत्म हो जाता है। वैसे ही गौ रक्षा से हिंदुत्व का मार्ग प्रशस्त होगा। गुरु और ब्रह्मा को पूजनीय माना गया है लेकिन हिंदुओ के घरों में गुरु और ब्रह्मा की बजाय पहली रोटी गाय के नाम से निकाली जाती है। लेकिन अफसोस यह है कि आज भी गाए काटी जा रही है। गौ का तिरस्कार हो रहा है। गौ रक्षा से ही हिंदू राष्ट्र बनने का मार्ग प्रशस्त होगा। आजादी के पहले से ही गाए कटती रही और यह क्रम आजादी के बाद से आज भी बदस्तूर जारी हैं। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले गाय को बचाने वाले भाई और गौ को काटने वाले कसाईयो की सूची जारी करेंगे। गौ रक्षा के मामले में भाई और कसाई को नए सिरे से परिभाषित करते हुए उन्होंने कहा देश में पंजीकृत 2600 दलों में जो दल गोहत्या रोकने की दिशा में कोई कदम नहीं उठायेंगे उन्हे कसाई की सूची में डाला जाएंगे। जो दल गोमाता का संरक्षण करे, वह हमारे भाई होंगे। देश में पंजीकृत 2600 दलों को गौ हत्या पर प्रतिबंध लगाने संबंधी पत्र लिखने की बात भी कही। कुछ दलों द्वारा समर्थन भी दिया गया है। गाय को राष्ट्र माता का दर्जा दिए जाने की मांग दोहराते हुए कहा जो दल गौ हत्या पर चर्चा नही करेंगे उनकी नियत उजागर होगी। वही सनातन धर्म को बचाने के लिए किए जाने वाले उपायों के संबंध में भी स्वामी शंकराचार्य चिंतित नजर आए उन्होंने कहा पहले यह महसूस करना चाहिए कि क्या हमारा धर्म खतरे में है। यदि खतरा महसूस करते है तो उसका कारण जानकर समय रहते उसका उपचार भी करना चाहिए। सनातन धर्म पर संकट के बादल छाए रहने का कारण शिक्षा नीति को बताते हुए उन्होंने कहा मुस्लिमो द्वारा मदरसों में धर्म की शिक्षा दी जाती है हिंदू अपने बच्चे को आचमन के बारे में नहीं बता सकते। धारा 30, के तहत स्कूलों में धर्म शिक्षा नहीं दी जाती है। हिंदू को छोड़कर अन्य दल धर्म की शिक्षा दे रहे है। हिंदू अपने बच्चो को धर्म के बारे में नही बता रहे है आने वाली पीढ़ी धर्म से अनजान होगी। बच्चों को धर्म की शिक्षा आवश्यक बताते हुए उन्होंने कहा सनातन धर्म को बचाने बड़े प्रयासों की जरूरत है। अपने गुरु के जीवन से जुड़े संस्मरण का उल्लेख करते हुए शंकराचार्य ने कहा देश की आजादी की लड़ाई के लिए उनके गुरु भी जेल में रहे लेकिन आजादी के बाद उन्हें इस बात का दुख रहा कि देश वासी भारतीय की बजाय इंडियन बन गई। धर्म के नाम पर आंडबर को भी व्यर्थ बताते हुए धर्म को जीवन में उतारे जाने की आवश्यकता शंकराचार्य ने जताई।

## सप्तानिक पुत्र व बहु के साथ सुनील ने की चरण वंदना

सुनील के जन्मदिन की पूर्व उनके निवास पधारे शंकरा चार्य अविमुक्तेश्वरानन्द की चरण वंदना परिवार जनों ने की। इस दौरान राधेश्याम अग्रवाल उनके पुत्र बजरंग सुनील सपत्नीक बेटे बहु के साथ मौजूद रहे। सुनील ने आशीर्वाद स्वरूप सभी शुभचिंतकों के लिए आशीर्वाद मांगा। शंकराचार्य ने सुनील के आवास को आश्रम की तरह बताया।

## उत्तराखंड ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य है स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द

***स्वामी अवि मुक्तेश्वर आनंद सरस्वती उत्तराखंड की ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य है साल 2022 मैं द्वारका पीठ के शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद के ब्रह्मलीन होने के बाद उन्हें यहां का शंकराचार्य बनाया गया था। शंकराचार्य की गंगा सेवा अभियान से लेकर वाराणसी में मंदिर बचाओं आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका रही है।***

एक नजर

# खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने जिला प्रशासन के विभागीय अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक



**सूरजपुर।** खाद्य व जिले के प्रभारी मंत्री श्री दयालदास बघेल द्वारा आज जिला प्रशासन के विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रभारी मंत्री के समक्ष उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों द्वारा क्रमवार उनके विभाग से संबंधित योजनाओं की वस्तु स्थिति को रखा गया। जिनकी समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को पूर्ण और क्रियान्वित कार्यों के आंकड़ों और तथ्यों को पारदर्शिता पूर्ण रखने की हिदायत दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी अधिकारियों उनके दायित्वों को पूर्ण निष्ठा के साथ पूर्ण करना है, जिससे कि शासन की हर योजना का लाभ अंतिम पंक्ति में बैठे पात्र व्यक्ति तक पहुंच सके। आर्थिक रूप से कमजोर और गरीब व्यक्ति शासन की किसी भी योजना से वंचित न हो। खाद्यान्न विभाग द्वारा संचालित राशन दुकानों द्वारा सबको अन्न मिले, आमजन की मूलभूत आवश्यकताएं पानी, बिजली, शिक्षा व चिकित्सा की पूर्ति हो यह सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता में होना चाहिए। उन्होंने उपस्थित संबंधित अधिकारियों को सभी कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग और कार्य मे लपरवाही और गड़बड़ी की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध उचित कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सूरजपुर जिले के नाम को रोशन करने के लिए सकारात्मक दिशा में कार्य करने की बात की कही।

बैठक में जिला पंचायत एवं विकास विभाग अंतर्गत मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन, एनआरएलएम, रीपा की वर्तमान वस्तु स्थिति, खाद्य विभाग अंतर्गत राशन कार्ड नवीनीकरण की वस्तु स्थिति, महिला एवं बाल विकास अंतर्गत महतारी वंदन योजना की वस्तु स्थिति, स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत आयुष्मान कार्ड की वस्तु स्थिति व अन्य विभाग जिसमें कृषि, शिक्षा, मत्स्य, निर्माण विभाग, जल संसाधन इत्यादि शामिल है की विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत सही मायने में जरूरतमंद लोगों को प्राथमिकता मिले इसके लिए सर्वे सूची का परीक्षण करने के लिए भी निर्देशित किया गया।

इसके साथ ही एकल शिक्षक वाले विद्यालय, जल जीवन अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों की वस्तु स्थिति और सड़कों की वस्तु स्थिति जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर भी बैठक में चर्चा की गई जिसमें संबंधित अधिकारियों को कार्य में कसावट लाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने प्रभारी मंत्री के प्रथम आगमन पर उनका अभिवादन करते हुये उपस्थित जनों को संबोधित किया।

# ओवर स्पीड वाहन चलाने वालों पर 18 प्रकरण दर्ज, वसूले गए 30000 रुपए

**कोरबा** । पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर विशेष अभियान चलाकर थानाध्चैकी के मुख्य मार्ग, चैक चैराहों पर पेट्रॉलिंग किया गया। इसी कड़ी में दिनांक 03.03.2024 को थाना चैकी एवं यातायात के द्वारा ओवर स्पीड गाड़ी चलाने वालों के विरुद्ध सिख्त से कार्यवाही करने का नर्देश दिया गया जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक वर्मा एवं नेहा वर्मा के पर्यवक्षण में जिले के सभी राजपित्रत अधिकारी थानाध्चैकी एवं यातायात के द्वारा ओवर स्पीड वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही किया गया है। कोरबा पुलिस के द्वारा अलग-अलग जगह पर ओवर स्पीड वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही करते हुए 18 प्रकरणों में लगभग कुल 30000 रुपए वसूले के साथ-साथ उनका लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही भी किया जा रहा है। कोरबा पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा पेट्रोलिंग किया गया, पैट्रोलिंग के दौरान मुख्य चैक बौराहा एवं भीडभाइ वाले इलाकों में जाकर पैट्रोलिंग किया गया गलत तरीके से वाहन चलाने वाले एवं ओवर स्पीड वहां चलने वाले पर पुलिस के द्वारा कार्यवाही किया गया। लगातार हो रहे एक्सीडेंट में कमी लाने के लिए यह वशेष अभियान को चलाया गया, अभियान के तहत वाहनों को चेक किया गया और उन्हें समझाया गया कि ओवर स्पीड वहां ना चलाएं ना ही शराब पीकर वाहन न चलाऐ और ना ही अपने करीबियों को नशे की हालत में वाहन चलाने दे उनको समझाया गया एवं हिदायत भी दिया गया।

# 07 दिवस के भीतर सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करने वालों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही

146 लोगों के विरुद्ध 36(च) के तहत किया गया कार्यवाही

**कोरबा** । पुलिस के द्वारा कार्यवाही करते हुए 35 प्रकरणों में कुल 861 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं 135 पाव प्लेन देशी मंदिरा शराब को किया गया जप्त कुल 35 लोगों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत किया गया कार्यवाही।' अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा को बिक्री करने वालों के खिलाफकार्यवाही करते हुए 6 किलो 600 ग्राम गांजा को किया गया जप्त' कोरबा पुलिस के द्वारा 396 लोगों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया।' पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर विशेष अभियान चलाकर थानाध्चैकी के मुख्य मार्ग, चैक चैराहों पर पेट्रोलिंग किया जा रहा है। इसी कड़ी में थाना चैकी क्षेत्र अंतर्गत आम जगह पर शराब का सेवन करने वालों के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अभिषेक वर्मा एवं नेहा वर्मा के पर्यवक्षण में जिले के सभी राजपित्रत अधिकारी थानाध्चैकी के द्वारा अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही किया गया है। कोरबा पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा पेट्रोलिंग किया गया, पेट्रोलिंग के दौरान मुख्य चैक चैराहा एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाकर पेट्रोलिंग किया गया गलत तरीके से वाहन चलाने वाले एवं शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया ब्रिध एनालाइजर के माध्यम से पूरे कोरबा जिले के सभी थाना क्षेत्र में कार्यवाही किया गया, लगातार हो रहे एक्सीडेंट में कमी लाने के लिए यह वशेष अभियान को चलाया गया, अभियान के तहत दो पिहया वाहन, चार पिहया वाहन, पिकअप ट्रक एवं ट्रेलर को चेक किया गया और उन्हें शराब पीकर वाहन न चलाऐ और ना ही अपने करीबियों को नशे की हालत में वाहन चलाने दे उनको समझाया गया ।

# संगीता और स्नेहलता के लिए बचत व बच्चों के शिक्षा का आधार बनेगा महतारी वंदन योजना

महतारी वंदन योजना से महिलाएं होंगी आत्मनिर्भर,अपनी जरूरतों के लिए अब नहीं रहेंगी दूसरों के भरोसे

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।





महिला सशक्तिकरण की दिशा में महतारी वंदन योजना मील का पत्थर साबित होने जा रही है। इस योजना का लाभ मिलने से महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत व आत्मनिर्भर बनेंगी। वह खुद की और अपने परिवार की छोटी-मोटी जरुरतों के लिए अब दूसरों के भरोसे नहीं रहेंगी। छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना के अंतर्गत पात्र प्रत्येक महिलाओं को उनके खाते में हर माह एक-एक हजार रुपए और साल भर में 12 हजार रूपए डायरेक्ट बैंक ट्रांसफ र डीबीटी के माध्यम से मिलेंगे। पोड़ी उपरोड़ा विकासखण्ड के ग्राम अमझर निवासी संगीता यादव 31 वर्ष का नाम भी महतारी वंदन योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों की सूची में दर्ज है। इस योजना को लेकर उत्साहित संगीता यादव ने कहा कि वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण में सहयोग करती है, उसके पति राजेंद्र यादव मिस्त्री का काम करते हैं। महतारी वंदन योजना से हर महीने एक-एक हजार रुपए मिलने से उनको बड़ी राहत मिलेगी। अभी उसकी आमदनी इतनी नहीं है कि वह कुछ पैसे की बचत कर सके लेकिन महतारी वंदन से मिलने वाली राशि को वह अब बचत के रूप में बैंक में जमा करेगी ताकि भविष्य में उसके परिवार के लिए काम आ सके। संगीता यादव ने महतारी वंदन योजना के लिए सरकार के प्रति आभार जताया। इसी तरह पोड़ी.उपरोड़ा विकासखंड के ही ग्राम तेलियामार पसान में रहने वाली स्नेहलता तिग्गा 38 वर्ष, ने कहा कि उसके पति रोहित तिग्गा मजदूरी करते हैं, बच्चे पढ़ाई कर रहें हैं इसलिए घर चलाने के लिए पति.पत्नी दोनों मजदूरी करते हैं। स्नेह लता ने कहा कि महतारी वंदन योजना की राशि को वह अपने बच्चों की शिक्षा पर खर्च करेगी। उसने कहा कि महतारी वंदन योजना काफी अच्छी योजना है, इससे उसे और उसके जैसे अन्य दूसरी महिलाओं को भी आर्थिक मदद मिल सकेगी। महतारी वंदन योजना छत्तीसगढ़ शासन की अति महत्वाकांक्षी योजना है, जो प्रदेश की महिलाओं के लिए उनके आर्थिक स्वावलंबन का आधार बनेगा, यही कारण है कि इस योजना के लागू होने से महिलाएं उत्साहित और हर्षित हैं।

# को-ऑपरेटिव बैंक में उठाईगिरी के मामले में पुलिस को मिली सफलता,मध्य प्रदेश के नट गैंग के 3 आरोपी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



20 फ रवरी को जिला सहकारी बैंक बेलतरा से 50 हजार रूपये नगदी रकम निकालकर जा रहे ग्रामीण किसान के मोटर साईकिल के डिक्की से उठाईगिरी करने वाले गिरोह के 03 सदस्यों को गिरफ्तार करने में बिलासपुर पुलिस को सफलता मिली है। गिरोह के अन्य 03 सदस्य फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। प्रार्थी शंकर सिंह टेकाम पिता स्व. टूलसिंह टेकाम उम्र 55 वर्ष निवासी धौरामुड़ा थाना रतनपुर के द्वारा थाना रतनपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 20 फरवरी 2022 को जिला सहकारी बैंक बेलतरा से 50 हजार रूपये नगदी रकम निकालकर कपड़ा खरीदने दुकान में गया था तभी अज्ञात अरोपियों द्वारा प्रार्थी के मो.सा. के डिक्की को तोड़कर डिक्की में रखे 50000 रूपये को चोरी कर लिया गया है। मामले में थाना रतनपुर में अपराध क्र.154/2024 धारा 379, 34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ किया गया पुलिस अधीक्षक बिलासपुर रजनेश सिंह आईपीएस को घटना की सूचना मिलने पर मामले को गंभीरता से लेते हुये जिले के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारियों को बैंको की सरप्राईज चेकिंग करने के निर्देश दिए गए। साथ ही उठाईगिरी करने वाले अज्ञात आरोपियों के तलाश हेतु थाना रतनपुर एवं एसीसीयू बिलासपुर के अधिकारी एवं कर्मचारियों का टीम बनाकर आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिए गए पुलिस अधीक्षक बिलासपुर द्वारा उठाईगिरी सहित बैकों में घटित होने वाले लूट/डकैती जैसे घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से जिले के सभी बैकों के शाखा प्रबंधकों का मीटिंग बुलाकर बैंक एवं बैंक के आसपास कड़ा सुरक्षा प्रबंध करने, बैकों एवं आसपास सीसीटीव्ही कैमरा लगाने, बैकों में सुरक्षा गार्ड तैनात करने, इमरजेंसी अलार्म सिस्टम ठीक करने एवं बैकों में आने वाले आगंतुकों का नाम पता नोट करने आदि निर्देश दिए गए। जिले में उठाईगिरी के अन्य घटनाओं को रोकने हेतु समाचार माध्यमों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार कर आम जनता को जागरूक किया जा रहा पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह से प्राप्त निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, अर्चना झा,पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोटा सिद्धार्थ बघेल, नोडल अधिकारी सायबर सेल कृष्ण कुमार पटेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रतनपुर प्रशिक्षु आईपीएस अजय कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम के द्वारा उठाईगिरी के मामले में अज्ञात आरोपियों की तलाश प्रारंभ की गई।

## लगभग 150 सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेज खंगाले गए

को-ऑपरेटिव बैंक में लगे सीसीटीव्ही कैमरों के अवलोकन पर पाया गया कि 02 आरोपी ग्रामीण वेशभूषा में बैंक के अंदर बैठे हुए हैं,अन्य 04 आरोपी दो अलग-अलग मोटर साईकिलों में बैंक के आसपास घूम रहे हैं। जैसे ही प्रार्थी बैंक से रकम आहरण कर बैंक से बाहर निकलता है, अंदर ग्रामीण वेशभूषा में बैठे हुए आरोपियों से कुछ इशारा मिलते ही मोटर साईकिल सवार आरोपी ग्रामीण के पीछे जाते हुए दिखाई देते हैं। घटना स्थल के आसपास अन्य कैमरे न होने से आरोपीगण का पता नहीं चल सका किंतु बैंक से प्राप्त सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर घटना स्थल के पास से निकलने वाले सभी रास्तों पर लगभग 20 किमी एरिया में लगे सभी सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेज चेक किए गए पाया गया कि आरोपीगण खण्डोवा मंदिर, कलमीटार, जोगीपुर होकर कोटा की ओर गए हैं। इस आधार पर रास्ते में सभी सीसीटीव्ही कैमरों की चेकिंग की गई। किंतु हर रास्ता आगे जाकर तीन या चार रास्तों में विभक्त हो जाता है, जिससे टीम को सभी रास्तों के कैमरों को चेक करना पड़ा अंततः आरोपीगण को-ऑपरेटिव बैंकए कोटा के पास भी रेकी करते हुए मिले, किंतु आगे कैमरा न होने से आरोपीगण आगे किस रास्ते से होकर भागे पता नही चल पाया। टीम के सदस्यों द्वारा मुंगेली एवं गौरेला.पेन्ड्रा की ओर जाने वाले रास्तों पर लगे कैमरों की चेकिंग की गई पर आरोपीगण का पता नहीं चल पाया। सोशल मीडिया पर वायरल किए गए वीडियो से हुई आरोपीगण की पहचान पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के निर्देश पर को-ऑपरेटिव बैंक,बेलतरा में आरोपीगण का प्राप्त फुटेज को सायबर सेल द्वारा विभिन्न जिलों के साईबर सेल एवं नेशनल सायबर क्राईम ग्रुप में वायरल किया गया था। वीडियो को देखकर ग्रुप के सदस्यों द्वारा आरोपीगण को थाना मझौली जिला सीधी म.प्र. एवं थाना व्यौहारी जिला शहडोल म.प्र. निवासरत् नट गिरोह के होने की संभावना जाहिर किया गया था। इस संभावना के आधार पर टीम द्वारा स्थानीय मुखबिरों को सीसीटीव्ही फुटेज भेजकर पहचान कराया गया तब थाना मझौली क्षेत्र के स्थानीय मुखबिर ने आरोपी जितेन्द्र कुमार उर्फजीतू कंजर की पहचान की गई।

## आरोपीगण को थाना व्यौहारी जिला शहडोल से हिरासत में लिया गया

मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना मझौली एवं थाना व्यौहारी क्षेत्र में जाकर आरोपीगण की तलाश किया जा रहा था किंतु आरोपीगण शातिर किस्म के हैं। घटना घटित करने के बाद किराये के मकान या रिस्तेदारों के घर में रहते हैं, जिससे पुलिस टीम को आरोपीगण के तलाश में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ा तीन दिन तक कैंप कर आरोपीगण की तलास की गई। अन्ततः तीन आरोपीगण को पकड़ने में सफलता मिली।

## 6 आरोपियों ने गिरोह बनाकर घटना को दिया अंजाम

पूछताछ में अरोपीगण ने बताया कि जितेन्द्र उर्फ जितु कंजर गिरोह का मुखिया है जिसका भाई रवि कंजर, दोस्त उमेश, रंजित उर्फ रन्नो लहरू एंव मखाडू गिरोह के सदस्य है। जिस स्थान पर घटना घटित करना होता है, वहां रजित उर्फ रन्नों एवं रवि कंजर ग्रामीण के वेश भूषा में बैंक के अन्दर जाकर रकम निकाल रहे ग्राहको की रेकी करते है, रवि कंजर, उमेश, लहरू, मखाडू मोटर सायकल में पीछा करते है और जहां मौका मिलता है वहां से रकम उठाईगिरी कर भाग जाते है।

## सीधे साधे एवं ग्रामीण परिवेश के लोगो को बनाते हैं निशाना

आरोपीगण ने पूछताछ पर बताया कि उठाईगिरी करने के लिए बैंको के आसपास रेकी कर सबसे पहले सीधे साधे एवं ग्रामीण परिवेश के लोगों की पहचान करते है और जो व्यक्ति भोला भाला प्रतीत होता है उसका पीछा कर मौका मिलते ही रकम लेकर फरार हो जाते है।


## घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल एवं नगदी रकम 13500 रूपये जप्त

मामले में आरोपीगण ने बताया है कि ग्रामीण से उठाईगिरी किये गये रकम में से प्रत्येक व्यक्ति को आठ हजार रूपये हिस्सा मिला था जिनमें से कुछ रकम खर्च कर दिये है। आरोपी जितेन्द्र कंजर से घटना में प्रयुक्त 01 टीव्हीएस रायडर मो.सा. नगदी 5000 रूपये आरोपी रवि कंजर से 4500 रूपये एवं रंजित उर्फ रन्नो से 4000 रूपये कुल 13500 रूपये जप्त किया गया है। शेष फरार आरोपियों की तलास की जा रही है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक देवेश राठौर, प्रभारी एसीसीयू उप निरीक्षक कृष्णा साहू, प्र.आर. देवमुन पुहुप, बलबीर सिंह, आर.सरफराज खान, बोधुराम कुम्हार, विरेन्द्र गंधर्व, निखिल राव जाधव, सुरेन्द्र सिंह पोर्ते, प्रशान्त राठौर, विकास राम, थाना रतनपुर से प्र.आर विकास सेंगर, आर. दीपक मरावी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

गिरफ्तार आरोपीगण का नाम,जितेन्द्र उर्फजितु कंजर पिता जगदीश प्रसाद कंजर उम्र 35 वर्ष निवासी चुवाही छान्दा थाना मझोली जिला सीधी मप्र,रवि कंजर पिता जगदीश प्रसाद कंजर उम्र 27 वर्ष निवासी चुवाही छान्दा थाना मझोली जिला सीधी मप्र 3.रन्नो उर्फ रंजीत कंजर पिता रामसेवक कंजर उम्र 40 वर्ष निवासी भोलगढ़ थाना अनुपपुर जिला अनुपपुर म.प्र. घटना में प्रयुक्त टीव्हीएस रायडर मोटर सायकल बरामद नगदी रकम 13,500 रूपये बरामद।

अदा शर्मा की बस्तर

## द नक्सल स्टोरी का नया पोस्टर रिलीज




फिल्म द केरल स्टोरी से जबरदस्त पॉपुलैरिटी पाने वाली एक्ट्रेस अदा शर्मा अपकमिंग मूवी बस्तर: द नक्सल स्टोरी में अपना दमदार अभिनय दिखाने के लिए तैयार हैं। फिल्म का नया पोस्टर जारी किया गया। फिल्म का ट्रेलर 5 मार्च को रिलीज किया जाएगा। फिल्म के पोस्टर में एक्ट्रेस दो अलग-अलग अवतारों में दिखाई दे रही हैं। उनका एक लुक आईपीएस नीरजा माधवन का है, वहीं दूसरे में वह एक नक्सली लड़ाकू सैनिक के रूप में एक फील्ड ऑपरेशन पर है। अदा अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित होकर नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई में डटी हुई है। पोस्टर को फिल्म निर्माताओं ने अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया।



## रोहित शेट्टी के शो से वापसी कर रही हैं सनाया ईरानी?

एक बार फिर रोहित शेट्टी अपना शो खतरों के खिलाड़ी का 14वां सीजन लेकर आ रहे हैं. इसके लिए कंटेस्टेंट की तलाश भी शुरू हो गई है. इस शो में कई बड़ी हस्तियां शामिल होंगी. इस स्टंट बेस्ट शो का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. इस सीजन में बहुत कुछ नया हो सकता है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, शो की लोकेशन भी बदल सकती है.

बता दें कि इस शो की शूटिंग कई सालों से केपटाउन में होती रही है लेकिन इस बार ये शो कथित तौर पर थाईलैंड या जॉर्जिया में होगा. हालांकि, अभी तक कुछ भी पुष्टि नहीं हुई है. मेकर्स इस बार एक से बढ़कर एक स्टंट करने का प्लान बना रहे हैं और इसलिए उन्हें एक ऐसी जगह की चाहिए है जो स्टंट के लिए सेफ हो सके.

रिपोर्ट्स के मुताबिक, खतरों के खिलाड़ी 14 की कास्टिंग भी शुरू हो गई है और रिपोर्ट के मुताबिक, सनाया ईरानी को रोहित शेट्टी के शो का हिस्सा बनने के लिए अप्रोच किया गया है. ये भी कहा जा रहा है कि सनाया को पिछले सीजन में भी शो ऑफर किया गया था और उन्होंने इसके लिए हामी भी भर दी थी. लेकिन, आखिरी मिनट में चीजें बदल गईं.

अब, उन्हें फिर से शो ऑफर किया गया है और ऐसा लगता है कि इस बार चीजें ठीक हो जाएंगी. सनाया के अलावा और भी कई स्टार्स को शो के लिए अप्रोच किया गया है. ये रिश्ता क्या कहलाता है स्टार हर्षद चोपड़ा को शो के लिए अप्रोच किया गया है.

## लाइम ग्रीन कलर के गाउन में सारा ने दिखाया अपना किलर लुक

सारा अली खान का शुमार हिन्दी फिल्म इंडस्ट्री की खूबसूरत और काबिल अदाकाराओं में किया जाता है. एक तरफ जहां लोग उनकी खूबसूरती पर मर मिटते हैं, वहीं उनकी बोल्डनेस और ग्लैम लुक के भी दीवाने हैं. सारा ने अपने फैंस को विजुअली ट्रीट किया है.

सारा अली खान ने ग्रीन थाई हाई स्लिट कट ड्रेस में फोटोज शेयर किए हैं. वो लाइम ग्रीन कलर की गाउन ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही हैं.

एक्ट्रेस थाई-हाई कट ऑफ शोल्डर गाउन में बेहद बोल्ड अवतार में नजर आ रही हैं. जितनी हसीन वो हैं, उतना ही मस्त उनका अंदाज है. एक्ट्रेस ने लेटेस्ट फोटोशूट में मिनिमम मेकअप, बेहद स्टाइलिश ईयररिंग्स के साथ अपने लुक को पूरा किया है. देखने वालों की नजरें उन पर टिक गई हैं. सारा अली खान स्टाइलिश क्वीन कही जाती हैं. उनका स्टाइलिश लुक देखकर हर किसी की आंखें खुली की खुली की खुली रह गई. उनका जादू फैंस के सर चढ़कर बोल रहा है. फोटोशूट के दौरान सारा के फेस पर कमाल का ग्लो नजर आ रहा है. वो कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करके दिलों का करार छीन रही हैं. फैंस को उनकी तस्वीरें बेहद पसंद आ रही हैं. सारा अली खान जल्द ही फिल्म मर्डर मुबारक में नजर आएंगी. इसमें पंकज त्रिपाठी, विजय वर्मा, डिंपल कपाड़िया, करिश्मा कपूर और टिस्का चोपड़ा उनके साथ स्क्रीन शेयर करेंगी. एक्ट्रेस की ऐ वतन मेरे वतन और मेट्रो... इन दिनो भी रिलीज के लिए तैयार है.



## अनुपम खेर की विजय 69 ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देगी दस्तक, पहला पोस्टर जारी




अनुपम खेर अपनी अगली फिल्म विजय 69 से लंबे समय से चर्चा में हैं. इस फिल्म का एलान मई 2023 में किया था. वहीं, नवंबर 2023 में एक्टर ने फिल्म की शूटिंग पूरी की थी. विजय 69 की शूटिंग पूरी करने के बाद एक्टर ने फैंस को बताया था कि उन्होंने अपनी अपकमिंग फिल्म विजय 69 की शूटिंग खत्म कर दी है. इसके बाद से अनुपम खेर के फैंस उनकी लीग से हटकर इस फिल्म की रिलीज का इंतजार है. अब अनुपम ने बता दिया है उनकी फिल्म जल्द रिलीज होने जा रही है. एक्टर अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट साझा किया है. इस पोस्ट में उन्होंने फिल्म से नया पोस्टर भी शेयर किया है. इस पोस्टर को शेयर कर एक्टर ने लिखा है, अनाउंसमेंट, विजय रास्ते में आने वाली सभी कठिनाईयों को दूर कर रेस जीतने की कोशिश में है, विजय 69 जल्द नेटफ्लिक्स पर आ रही है, जय हो.

बता दें, इस फिल्म को यशराज बैनर ने बनाया है. इस फिल्म का निर्देशन अक्षय रॉय ने किया है और मनीष शर्मा इस फिल्म के प्रोड्यूसर हैं. फिल्म का एलान कर एक्टर ने कैप्शन में लिखा था, एक और फन फिल्म आ रही है, स्पेशल राइड, यशराज एंटरटेनमेंट को अपनी तीसरी फिल्म विजय 69 का एलान कर बहुत खुशी हो रही है, यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज होगी, यह फिल्म उस बूढ़े आदमी पर बेस्ड है, जो 69 साल की उम्र में ट्रायथलॉन प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का फैसला करता है.

## विश्वक सेन की फिल्म गामी का ट्रेलर जारी



मास का दस विश्वक सेन की महत्वाकांक्षी परियोजना गामी अपनी दिलचस्प सामग्री के साथ सही शोर मचा रही है जो दर्शकों के बीच उत्सुकता पैदा करती है। टीम ने आज प्रसाद में पीसीएक्स स्क्रीन पर गामी के शोरील ट्रेलर का अनावरण किया। ट्रेलर फिल्म के भव्य पैमाने को दर्शाता है, और इस प्रकार निर्माताओं ने दृश्यों को पूरी महिमा में प्रदर्शित करने के लिए बड़ी स्क्रीन को चुना। निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने ट्रेलर का अनावरण किया जो पीसीएक्स प्रारूप में प्रदर्शित होने वाला पहला ट्रेलर है।

गामी का ट्रेलर विश्वक सेन के साथ शुरू होता है जो खुद से सवाल करता है, 'चाहे मैं कितनी भी कोशिश कर लूं, मुझे याद नहीं आता कि मैं कौन हूं, कहां से आया हूं और मुझे यह समस्या कितने समय से है' उसे कुछ अघोरों द्वारा बचाया जाता है, लेकिन वे उनसे उनकी भलाई के लिए जगह छोड़ने के लिए कहते हैं।

## बॉक्स ऑफिस पर झंडे गाड़ रही यामी गौतम की आर्टिकल 370, वर्ल्डवाइड कलेक्शन 60 करोड़ की ओर




अच्छी वर्ड-ऑफ-माउथ के साथ यामी गौतम की आर्टिकल 370 बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है. 23 फरवरी को रिलीज हुई इस फिल्म को दर्शकों की तरफ से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है. फिल्म की कहानी लोगों को बेहद पसंद आ रही है. वहीं शनिवार को फिल्म की कमाई में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है. तो आइए जानते हैं कि फिल्म ने 9वें दिन पर कितने करोड़ रुपये की कमाई की है... कश्मीर से धारा 370 हटाए जाने के मुद्दे पर आधारित इस फिल्म में यामी गौतम की एक्टिंग को खूब सराहा गया. हालांकि, बीच में कमाई का ग्राफ थोड़ा डगमगाता हुआ दिखा लेकिन अब फिल्म ने दोबार से रफ्तार पकड़ ली है. वहीं अब सेकंड शनिवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े सामने आ गए हैं.

रिपोर्ट के मुताबिक 'आर्टिकल 370' ने रिलीज के 9वें दिन 5.75 करोड़ रुपये कमाए हैं। इसके बाद 'आर्टिकल 370' का आठ दिनों का कुल कलेक्शन 44.35 करोड़ रुपये हो गया है.

वहीं शुक्रवार की तुलना में आज आर्टिकल 370 की कमाई दोगुनी है. महज 20 करोड़ के बजट में बनी ये फिल्म जल्द ही 50 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लेगी. फिल्म में यामी गौतम एक इंटेलिजेंस ऑफिसर के किरदार में हैं, तो वहीं अरुण गोविल पीएम मोदी की भूमिका में खूब जंच रहे हैं.

वहीं सिर्फ भारत नहीं, बल्कि दुनिया भर से यामी की इस फिल्म को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है. वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें तो फिल्म 8 दिनों के अंदर 57.14 करोड़ रुपये की कमाई कर डाली है.

# खेल




## श्रीलंका ने बांग्लादेश को तीन रन से हराया

पहले टी-20 में समरविक्रमा और कुसल मेंडिस के अर्धशतक, असलंका प्लेयर ऑफ द मैच

श्रीलंका ने पहले टी-20 मुकाबले में बांग्लादेश को तीन रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। दूसरा मुकाबला 6 मार्च को खेला जाएगा। सिलहट क्रिकेट स्टेडियम में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया। श्रीलंका ने बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 206/3 का स्कोर बनाया। जवाब में बांग्लादेश 20 ओवर में 8 विकेट पर 203 रन ही बना सका। महमूदुल्लाह और जाकेर अली के प्रयास व्यर्थ रहे। श्रीलंका की ओर से कुसल मेंडिस और सदीरा समरविक्रमा ने अर्धशतक लगाया। दोनों ने साथ 96 रन की साझेदारी की।

वहीं, तीन बॉलर्स को 2-2 विकेट भी मिले। चरिथ असलंका को 21 बॉल पर 44 रन की विस्फोटक पारी खेलने और 3 कैच लेने पर प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया।

श्रीलंका के लिए ओविष्का फर्नांडो और कुसल मेंडिस ने ओपनिंग की। फर्नांडो 4 रन बना कर आउट हो गए। तीसरे नंबर पर कामिंडु मेंडिस भी 19 रन ही बना सके। इसके बाद सदीरा समरविक्रमा आए और कुसल मेंडिस के साथ अर्धशतकीय साझेदारी की। मेंडिस और समरविक्रमा ने 96 रनों की साझेदारी की। दोनों बल्लेबाजों ने अर्धशतक जमाए। समरविक्रमा ने शानदार बल्लेबाजी की और 48 गेंदों पर नाबाद 61 रन बनाए। यह उनका दूसरा ॠ20ॠ अर्धशतक था और इस फॉर्मेट में उनका सर्वोच्च स्कोर भी था। मेंडिस ने 36 गेंदों में शानदार 59 रन बनाए। वानिंदु हसरंगा की गैरमौजूदगी में कप्तान चैरिथ असलांका ने 21 गेंदों पर 44* रन की नाबाद पारी खेली। उन्होंने और समरविक्रमा ने साथ 73 रन जोड़े।



### बांग्लादेश की बल्लेबाजी फेल

ओपनर लिटन दास 0 रन और सौम्य सरकार 12 रन पर आउट हो गए। वहीं, तौहीद हृदोय को 8 रन पर सस्ते में चलते बने। इस विकेट ने मेजबान टीम का स्कोर 30/3 कर दिया। नजमुल हुसैन शान्तो रन 20 रन बना कर आउट हए। उन्होंने महमुदुल्लाह के साथ 38 रन की साझेदारी करके टीम को मजबूत किया। बांग्लादेश के लिए महमुदुल्ला और जाकेर अली ने अर्धशतक लगाए। महमुदुल्लाह ने 31 बॉल में 54 रन की पारी खेली। वहीं, जाकेर अली 34 बॉल में 68 रन बना कर मैच को क्लोज लेकर गए। मेहदी हसन 16 रन बना कर आउट हुए। आखिर में रिशाद हौसेन 0 रन बना कर आउट हो गए। तस्कीन अहमद 2 रन और शोरिफुल इस्लाम 4 रन बना कर नाबाद रहे।

### श्रीलंका के तीन बॉलर्स को 2-2 विकेट

श्रीलंका के लिए एंजेलो मैथ्यूज, बिनुरा फर्नांडो और दासुन शनाका ने 2-2 विकेट लिए। वहीं, महीश तीक्षणा और मथीशा पथिराना को 1-1 विकेट मिला।

श्रीलंका क्रिकेट टीम बांग्लादेश के दौरे पर है। इस दौरे में टीम कुल तीन टी-20, तीन वनडे और दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी।

एक नजर

## पाकिस्तान में जूडो प्लेयर की मैच के दौरान मौत

खेलते हुए मैट पर गिरी 20 साल की प्लेयर, सिर पर चोट लगने से जान गई

पाकिस्तान में जूडो टूर्नामेंट के दौरान जुडोका की सिर में चोट लगने से मौत हो गई। यह घटना पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में प्रतियोगिता के दौरान की है। 20 सवाल की फिजा शेर अली को 44 किलो वेट कैटगिरी में मैच के दौरान सिर में चोट लग गई। जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पाकिस्तान जूडो फेडरेशन के एक अधिकारी के अनुसार फिजा शेर पेशावर में बीएस प्रथम वर्ष की छात्रा थी। वह मर्दन में जूडो के लिए ट्रायल देने आई थी। वह इस खेल में नई थी। मैच के दौरान उनकी सिर में चोट लग गई, जिसके बाद वह नीचे गिर गईं। उन्हें तुरंत मेडिलक स्टाफ ने प्राथमिक उपचार दिया और उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कुछ दिन पहले, इस्लामाबाद में टेबल टेनिस की प्रतियोगिता के दौरान 16 साल की एक लड़की का हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। वह आईटीएफ जूनियर टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए आई हुई थी।



## भारत की मेंस-विमेंस टेबल टेनिस टीमों को ओलिंपिक टिकट

रैंकिंग के आधार पर मिली जगह, इस खेल में अब तक मेडल नहीं

भारतीय मेंस और विमेंस टेबल टेनिस टीमों ने सोमवार को वर्ल्ड रैंकिंग के आधार पर पहली बार ओलिंपिक गेम्स के लिए क्वालिफाई कर लिया है। पिछले महीने पेरिस ओलिंपिक के लिए आखिरी क्वालिफाइंग प्रतियोगिता बुसान में वर्ल्ड टीम चैंपियनशिप थी। इसमें भारतीय पुरुष और महिला टीम को प्री क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। टूर्नामेंट खत्म होने के बाद पेरिस के लिए टीम इवेंट्स में सात स्थान बचे थे, जो टीमों को उनकी रैंकिंग के आधार पर दिए गए हैं। इंटरनेशनल टेबल टेनिस फेडरेशन ने सोमवार को बचे 7 स्थान के लिए रैंकिंग के आधार पर टीमों के नामों की घोषणा की। विमेंस इवेंट में भारत की रैंक 13 है। भारत के अलावा पोलैंड (12), स्वीडन (15) और थाईलैंड ने भी अपनी जगह पक्की की। दूसरी ओर क्रोएशिया (12), भारत (15), और स्लोवेनिया (11) ने मेंस टीम इवेंट में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है।



## वानखेड़े में हो सकता है रणजी ट्रॉफी फाइनल

मुंबई ने 48वीं बार खिताबी मुकाबले में जगह बनाई; विदर्भ-MP में सेमीफाइनल जारी



रणजी ट्रॉफी के 89वें सीजन का फाइनल मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में हो सकता है। होम टीम मुंबई ने सेमीफाइनल में तमिलनाडु को हराकर 48वीं बार रणजी के फाइनल में जगह बना ली। वहीं मध्य प्रदेश और विदर्भ टीम के बीच रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबला खेला जा रहा है। वानखेड़े स्टेडियम 2011 का वनडे वर्ल्ड कप फाइनल होस्ट करने के लिए फेमस है। जहां भारत ने श्रीलंका को हराकर ट्रॉफी जीती थी। यहीं क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर अपना आखिरी इंटरनेशनल भी मैच खेला था। मुंबइ क्रिकेट एसोसिएशन (MCA) के अधिकारियों ने मंगलवार को बताया, %वानखेड़े स्टेडियम में ही फाइनल कराने के पूरे चांस हैं। आखिरी डिसिजन सेमीफाइनल के चौथे दिन तक आ जाएगा। MCA के सेक्रेटरी अजिंक्य नायक ने कहा, वानखेड़े स्टेडियम मुंबई क्रिकेट का घर रहा है। यहां 50 से ज्यादा सालों से मुंबई के होम मैच हो रहे। टूर्नामेंट की अहमियत और मुंबई क्रिकेट कम्यूनिटी को देखते हुए यहां फाइनल कराना बेस्ट डिसिजन होगा। मुंबई ने पहले सेमीफाइनल में तमिलनाडु को पारी और 70 रन से हराकर फाइनल में जगह बना ली। मुंबई तीसरे दिन ही मुकाबला जीतकर फाइनल में पहुंच गई। शतक बनाने वाले शार्दूल ठाकुर प्लेयर ऑफ द मैच रहे। मुंबई के खिलाफ सेमफाइनल में हार के बाद तमिलनाडु के कोच सुलक्षण कुलकर्णी ने कहा कि उनकी टीम टॉस के कारण हारी। अगर कप्तान साई किशोर टॉस जीतने पर पहले बैटिंग नहीं लेते तो सिचुएशन बदल भी सकती थी।

WPL-2 में RCB की वापसी

## लगातार दो मुकाबले हारने के बाद यूपी वॉरियर्ज को 23 रन से हराया, मंधाना और पेरी के अर्धशतक

बेंगलुरु को चिन्नास्वामी स्टेडियम में टॉस जीतकर यूपी वॉरियर्ज ने गेंदबाजी चुनी। RCB ने बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 198 रन बनाए। जवाब में UPW 20 ओवर में 8 विकेट पर 175 रन ही बना सकी।

RCB की कप्तान स्मृति मंधाना ने WPL में अपना दूसरा अर्धशतक लगाया। उन्होंने 80 रन की पारी खेली। वहीं, एलिस पेरी ने भी हाफ सेंचुरी लगाते हुए 58 रन बनाए। दोनों ने साथ 95 रन की साझेदारी की।

दो मैचों की हार के सिलसिले से बाहर निकलने के लिए, RCB ने सोफी डिवाइन की जगह पर एस मेघना को ओपनिंग के लिए चुना। मेघना और मंधाना ने साथ 5.3 ओवर में 51 रन जोड़कर रॉयल चैलेंजर्स को एक मजबूत शुरुआत दी। मेघना 28 रन बना कर आउट हुई। मेजबान टीम ने पावर प्ले में 1 विकेट पर 57 रन बनाए, जो इस सीजन में उनका बेस्ट प्रदर्शन है। पहले विकेट के बाद आई एलिसा पेरी ने दूसरे विकेट के लिए मंधाना के साथ सिर्फ 64 गेंदों पर 95 रन जोड़कर पावरप्ले की शानदार शुरुआत को आगे बेहतर बनाया। पेरी ने शानदार 58 रन की पारी खेली। मंधाना ने 80 रन की पारी खेली। आखिर में ऋचा घोष ने शानदार रूप से आक्रमकता दिखाते हुए 10 बॉल में 21 रन बनाए। सोफी डिवाइन 2 रन बना कर नाबाद रही।



# आजादी के अमृत महोत्सव पर आयोजित देश का 75 वां स्मार्टफोन फिल्म मेकिंग कोर्स हुआ संपन्न

* एसपी शशि मोहन सिंह, सीईओ अभिषेक कुमार और एफटीआईआई कोर्स कोऑर्डिनेटर अभिजीत देशपांडे ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

देशभर में केंद्र सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत विगत 2 वर्षों में फिल्म क्षेत्र के चार प्रमुख कोर्स का जशपुर में हुआ समापन। भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान पुणे और जिला प्रशासन जशपुर के संयुक्त तत्वाधान में और कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल व सीईओ अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित स्मार्टफ ोन फि ल्म मेकिंग कोर्स का समापन 4 मार्च को एसपी शशि मोहन सिंह, सीईओ अभिषेक कुमार, एफ टीआईआई कोर्स कोआर्डिनेटर अभिजीत देशपांडे की उपस्थिति में हुआ। देशभर के कई प्रदेशों में भारतीय फि ल्म एवं टेलीविजन संस्थान पुणे के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में फि ल्म क्षेत्र के चार प्रमुख कोर्सेस का विगत दो वर्षों में आयोजन कराए गए हैं। इस श्रृंखला का अंतिम और 75 वां प्रशिक्षण का समापन




जशपुर में करने का निर्णय फिल्म संस्थान पुणे के द्वारा लिया गया। इस पूरे प्रशिक्षण कार्यक्रम को जिला प्रशासन जशपुर के साथ समन्वय कर आयोजित करने में एफ टीआईआई के कोर्स समन्वयक अश्विन बी सोनोने का विशेष योगदान रहा है। इसके लिए फिल्म संस्थान के प्रतिनिधि और पूरे देश में आयोजित हो रहे प्रशिक्षण के सहायक समन्वयक अभिजीत देशपांडे जशपुर आए।

अभिजीत देशपांडे ने कार्यक्रम में एफ्टीआईआई के निदेशक संदीप सहारे के संदेश को पढ़कर सुनाया। जिसमें प्रतिभागियों को संबोधन के साथ कलेक्टर डॉ रवि मित्तल के सपोर्ट की बात कही गई है। श्री देशपांडे ने संदेश के साथ फिल्म संस्थान में आयोजित होने वाले विभिन्न ग्रेजुएटए अंडरग्रेजुएट और डिप्लोमा कोर्स के विषय में बताया और उनकी प्रवेश प्रक्रिया और स्कॉलरशिप के बारे में विस्तार से जानकारी दिया । उन्होंने बताया कि देशभर में सबसे सफल कोर्स जशपुर में रहे हैंए इसके लिए निदेशक संदीप सहारे के द्वारा कलेक्टर डॉ रवि मित्तल का विशेष धन्यवाद दिया गया है।

सीईओ अभिषेक कुमार ने



जशपुर के युवाओं के कौशल विकास व आजादी के अमृत महोत्सव कोर्स के जशपुर में समापन के लिए एफ्टीआईआई को धन्यवाद दिया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ प्रतिभागी कोर्स से मिले अनुभव व कौशल से आय प्राप्त कर रहे हैं ए यह बहुत अच्छी बात है। वे चाहते हैं कि सभी प्रतिभागी इसे अपने रोजगार से जोड़े। उन्होंने यह भी कहा कि इसे एक पड़ाव की तरह समझेए आपकी मंजिल बड़ी हैए आगे और परिश्रम करेए आवश्यक तैयारी करें। जिला प्रशासन आगे भी आपकी हर संभव मदद करेगी।

एसपी शशि मोहन सिंह ने कलेक्टरए सीईओ और एफ्टीआईआई को लर्निंग के बेहतर अवसर व इनिशिएटिव के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने संकल्प जशपुर के प्रयासों की भी प्रसंशा की। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आप अपने सपनों का पीछा करेंए जब तक वे साकार ना हो जाए। इसके लिए आप सुव्यवस्थित तैयारी के साथ कार्य करें। वे चाहते हैं कि जशपुर से भी प्रतिभागी राष्ट्रीय परिदृश्य पर अपनी पहचान बनाएं। उल्लेखनीय है कि एसपी जशपुर के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर कोर्स के कुछ प्रतिभागियों को लघु फिल्म बनाने के अवसर भी उपलब्ध कराए गए हैं।

ट्रेनर अजमल जामी ने कैरियर संभावनाओं के विषय में प्रतिभागियों को बताया। संकल्प के प्राचार्य विनोद गुप्ता ने बताया कि जिले के 200 से अधिक प्रतिभागियों के लिए फिल्म क्षेत्र के स्किल डेवलपमेंट के लिए यह एक बेहतर अवसर रहा। इसमें चार तरह के कोर्स आयोजित किए गए थे। जशपुर में आयोजित यह आठवां कोर्स रहा है। उन्होंने कहा कि कलेक्टर डॉ रवि मित्तल के मार्गदर्शन और नेतृत्व में जिले के युवाओं के लिए विभिन्न प्रकार के क्षेत्रों में स्किल बढ़ाने के लिए किया जा रहे प्रयासों से युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर लगातार मिल रहा है जिससे वे देश के किसी भी युवा के बराबरी करने के लिए सक्षम हैं।

## शासकीय पॉलीटेक्निक जशपुर में पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण




**जशपुरनगर।** शासकीय पॉलीटेक्निक जशपुर द्वारा पीएमण् श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय ढोढीडांड की कक्षा 9वीं एवं कक्षा 11 वीं के लिए बेसिक इलेक्ट्रॉनिक्स एवं विषय में इंटर्नशिप का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में विगत दिवस 02 मार्च 2024 को कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों द्वारा पॉलीटेक्निक की विभिन्न प्रयोशालाओं का भ्रमण मशीन उपकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कैरियर के विकल्पों के बारे में भी जानकारी दी गई।

## पुलिस अधीक्षक श्री शशि मोहन सिंह ने पुलिस भर्ती की तैयारी का किया निरीक्षण

नव संकल्प शिक्षण संस्थान में भर्ती की तैयारी हेतु जारी है शारीरिक प्रशिक्षण

**जशपुरनगर।** जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत कलेक्टर डॉण् रवि मित्तल एवं जिला सीईओ श्री अभिषेक कुमार के नेतृत्व में संचालित नव संकल्प शिक्षण संस्थान में छण्गण् पुलिस में सिपाही भर्ती की तैयारी के लिए शारीरिक प्रशिक्षण जारी है।

पुलिस अधीक्षक श्री शशि मोहन सिंह ने विगत् दिवस पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे छात्रों से सुबह ग्राउंड में मिलने पहुचें एवं तैयारी कर रहे छात्रों को शारीरिक परीक्षण राउंड और लिखित परीक्षा दोनों के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण टिप्स दिएए उन्होंने छात्रों से कहा की बहादुरी से तैयारी कीजिये और अपने आप को मानसिक और शारीरिक दोनों तरीके से इस परीक्षा हेतु तैयार कीजिये। उन्होंने कहा की यह परीक्षा मानसिक और शारीरिक तैयारी दोनों के बीच में सही संतुलन बनाने से आसानी से



पास किया जा सकता है। छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने असफ्लता का डर छोड़ कर निश्चित मन से तैयारी करने को कहा साथ ही यह भी कहा की आगे पुलिस के अलावा भी पैरामिलिटरी जैसे परीक्षाओं में अनेक मौके हैं बस तैयारी जारी रखने की आवश्यकता है। उन्होंने छात्रों को आगाह करते हुए किसी भी प्रकार के ठगों से जो की पैसा लेकर नौकरी लगवाने का दावा करते हैं उनसे दूर रहने की सलाह दी। इस दौरान रक्षित निरीक्षक श्री अमरजीत खूंटेए पीटीआई अमित प्रजापति एवं नवसंकल्प के विषय विशेषज्ञ शैलेश कोसले उपस्थित रहे।

ज्ञातव्य है की प्रतिदिन प्रात: 6 बजे से 8 बजे तक पुलिस ग्राउंड जशपुर में फिजिकल की एवं 10 से 4ण30 बजे तक लिखित परीक्षा की तैयारी नवसंकल्प में कराई जा रही है। पुलिस बैच में वर्तमान में 80 से अधिक छात्र एडमिशन ले चुके हैं।



असंगठित कर्मकार प्रसूति सहायता योजना

## कौशल्या साय ने 294 पंजीकृत महिला श्रमिक को 58 लाख 80 हजार की राशि का दिया चेक

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के धर्मपत्नी कौशल्या साय के द्वारा विगत् दिवस 03 मार्च 2024 को असंगठित कर्मकार प्रसूति सहायता योजना के तहत् कुल 294 पंजीकृत महिला श्रमिक को 58 लाख 80 हजार की राशि का



चेक के माध्यम से वितरण किया गया। श्रम पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार सुरक्षा मंडल अंतर्गत संचालित असंगठित कर्मकार प्रसूति सहायता योजना के तहत कुल 229 पंजीकृत महिला श्रमिक को प्रसूति पश्चात् 20 हजार के मान से कुल 45 लाख 80 हजार तथा ठेका श्रमिक घरेलू महिला कामगार व हमाल प्रसूति सहायता योजना के तहत् कुल 65 पंजीकृत महिला श्रमिको को 20 हजार के मान कुल 13 लाख की राशि का चेक वितरण किया गया।



## एक नजर

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखने वाले छत्तीसगढ़ एवं छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों से नवीन एवं नवीनीकरण के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया हैं। छत्तीसगढ़ राज्य में अध्ययनरत विद्यार्थी 14 मार्च 2024 तक तथा छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर अध्ययनरत विद्यार्थी 26 मार्च 2024 तक पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए नवीन एवं नवीनीकरण हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

### न्यायालयों में 9 मार्च को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आगामी 9 मार्च को न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, प्रदेश के सभी जिला न्यायालय और अधीनस्थ न्यायालयों, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व न्यायालय, तहसीलदार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत खंडपीठ द्वारा समझौता योग्य मामलों का आपसी समझौता और राजीनामा से प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। प्रकरण की सुनवाई के दौरान पक्षकार और आवेदनकर्ता न्यायालय में उपस्थित हो सकते हैं या फिर जरूरी कार्य के कारण न्यायालय में उपस्थित नहीं हो पा रहे हैं, तो वे वकील के माध्यम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़ सकते हैं और अपनी सहमति दे सकते हैं। उनकी सहमति के आधार पर खंडपीठ द्वारा प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक, बिजली, टेलीफ ोन आदि के वसूली प्रकरण, दुर्घटना, शमनीय अपराध आदि प्रकरण की सुनवाई की जाती है।

### सारंगढ़ में 11 मार्च को फुटबाल प्रशिक्षक के लिए वॉक इन इंटरव्यू

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

भारत सरकार की खेला इंडिया योजना के अंतर्गत सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में खेलो इंडिया का फुटबाल लघु प्रशिक्षण केन्द्र मंजूर किया गया है। योजना की गाइडलाइन अनुसार प्रशिक्षण केन्द्र के लिए 1 प्रशिक्षक नियुक्त किया जाना है। प्रशिक्षक के लिए योग्यता फ ुटबाल में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी या सीनियर वर्ग की नेशनल ओपन चैम्पियनशिप फ ुटबाल महासंघ द्वारा आयोजित में प्रतिनिधित्व या अंतर विश्व.विद्यालयीन फ ुटबाल प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व व प्रशिक्षण कार्य का अनुभव होना चाहिए। अभ्यर्थी अपने बायोडाटा के साथ 11 मार्च 2024 को सुबह 11 बजे कलेक्टर कार्यालय सारंगढ़ में उपस्थित होकर वाक इन इंटरव्यू में शामिल हो सकते हैं। भारत सरकार द्वारा प्रशिक्षक को प्रतिमाह 25 हजार रूपए का वेतन दिया जाएगा।

### एसबीआई ने वेतन खाताधारक के मृत्यू उपरांत पत्नी को 5 लाख की बीमा क्लेम राशि का भुगतान किया

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।



स्टेट बैंक आफ इंडिया के झाखरपारा ब्रांच ने मृतक चंद्रध्वज कश्यप की बेवा माधुरी कश्यप को बीमा क्लेम की राशि 5 लाख रुपए का भुगतान किया है। यह राशि ब्रांच मैनेजर प्रेमानंद मेहेर ने चेक के माध्यम से भेंट किया।ब्रांच मैनेजर मेहेर ने बताया की चंद्रध्वज कश्यप पशु धन विभाग में पदस्थ थे। सड़क दुर्घटना में उनकी मृत्यु साल भर पहले हो गई थी। एसबीआई अपने प्रत्येक वेतन खाता धारी का बीमा खाता खोलते ही कर देता है। दु:ख के समय में क्लेम की राशि पाकर परिवार भी राहत महसूस कर रहे हैं।

## जिले में 03 दिवसीय जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का होगा आयोजन

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 08 मार्च से खेलों का होगा शुभारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-

**जशपुरनगर ।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन व खेल एवं युवा कल्याण विभाग जशपुर के माध्यम से 08 मार्चए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य के बालिका.महिलाओं को खेलों के प्रति उत्साहित एवं बढ़ावा देने के उद्देश्य से 03 दिवसीय जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

जिसका शुभारंभ 08 मार्च 2024 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में न्यूनतम 09 वर्ष की आयु होना अनिवार्य रखा गया है।

**न्यूनतम 09 वर्ष की आयु के बालिका एवं महिला खिलाड़ी ले सकते हैं भाग**

प्रतियोगिता में कुल छ: खेलों का आयोजन किया जाएगा। 08 मार्च को फुटबॉल एवं व्हॉलीबॉल 09 मार्च को हॉकी एवं खो.खो तथा 10 मार्च को कबड्डी एवं एथलेटिक्स खेल के साथ समापन किया जाएगा। इस खेल में भाग लेने वाले इच्छुक बालिका.महिला खिलाड़ियों को निर्धारित पंजीयन फार्म में जानकारी देना होगा। जिसके लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग कलेक्टोरेट प्रथम तल कक्ष क्रमांक.108.109 में संपर्क कर पंजीयन फार्म प्राप्त कर सकते हैं।

आयोजन के दिन भी आयोजन स्थल पंजीयन प्राप्त कर आयोजन प्रभारियों के समक्ष प्रात: 08ण्00 बजे तक जमा कर सकेंगे। आयोजन में भाग लेने वाले दूरस्थ खिलाड़ियों को यात्रा किराया भी दिया जाएगा। जिसके लिए निवास प्रमाण पत्रए बैंक पासबुक की छायाप्रति के साथ बस टिकट एवं कार्यालय से दिए जाने वाले फार्म में जानकारी भरकर देना होगा। इस आयोजन में प्रथमए द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। जिले के सभी बालिका.महिला खिलाड़ियों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर आयोजन को सफ्ल बनाएं।

महतारी वंदन योजना

## महिलाओं को पहली किस्त का बेसब्री से हो रहा इंतजार, चेहरे में दिखाई दे रही खुशी की झलक

**7 मार्च को महिलाओं के खाते में आएगी डीबीटी के माध्यम से राशि, महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन के साथ पोषण स्तर में होगा सुधार**

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

महतारी वंदन योजना से मिलने वाली पहली किस्त की राशि को लेकर महिलाएं बेसब्री से इंतजार कर रही है। इसके लिए जिले की महिलाओं में एक गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है।

किसी ने कहा कि घरेलू काम-काज में आर्थिक मदद मिलेगी, तो किसी ने कहा बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में लगायेंगी। शासन के



इस निर्णय से 7 मार्च को मिलने वाली राशि से महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन, उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार करने में मदद मिलेगी। छत्तीसगढ़ शासन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक और गारंटी को पूरा करते हुए राज्य में महतारी वंदन योजना लागू करने का निर्णय



लिया है। इस योजना के तहत विवाहित महिलाओं को एक हजार रुपए प्रतिमाह यानी साल में 12 हजार रुपए की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खातें में डीबीटी के माध्यम से दी जाएगी। इस योजना का लाभ छत्तीसगढ़ निवासी विवाहित महिला, जिनकी आयु 1 जनवरी 2024 को 21 वर्ष से अधिक हो उनको मिलेगा। विवाहित महिला के अलावा विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता महिलाओं को भी योजना का लाभ उठाने के लिए पात्र किया गया है। इंदिरा नगर रायगढ़ की महजबीन बेगम ने बताया कि उनका नाम महतारी वंदन योजना की लाभार्थी सूची में शामिल हो चुका है। उन्होंने कहा कि वे जल्द ही इस योजना से पहली किस्त प्राप्त करेंगी। उन्होंने कहा कि वे इस राशि का उपयोग अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई और अन्य जरूरी चीजों पर खर्च करेंगी। उन्होंने कहा कि यह योजना उनके लिए एक वरदान है, जिससे उनके जीवन की आर्थिक में सुधार आएगी। इसी प्रकार मुस्तरी बेगम ने कहा कि उनका नाम भी महतारी वंदन योजना की लाभार्थी सूची में शामिल हुआ है। उन्होंने कहा कि वे भी आगामी दो दिवस बाद इस योजना से पहली किस्त प्राप्त करेंगी। उन्होंने कहा कि वे इस राशि का उपयोग अपने घरेलू कामकाज और उनके स्वास्थ्य और पोषण में करेंगी। इसी तरह जिले की अन्य महिलाएं भी इस मिलने वाली राशि से काफी खुश नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना से न केवल उनका जीवन बेहतर होगा, बल्कि राज्य और देश की तरक्की में भी उनका योगदान होगा। उन्होंने इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ दिलाने हेतु मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया।

जोहार छत्तीसगढ़



# बसपा का अम्बेडकर मूर्ति के लिए भूख हड़ताल जारी

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।



बहुजन समाज पार्टी विधानसभा इकाई कसडोल के तत्वधान में बाबा साहब अम्बेडकर और डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद की मूर्तियों को नगर पंचायत लवन में असामाजिक तत्वों के द्वारा जातिगत संकीर्ण मानसिकता के तहत तोड़ा गया था और टूटने के एक महीने तक शासन प्रशासन में बैठे हुए लोगों के द्वारा नजर अंदाज किया गया ना ही पुलिस विभाग के द्वारा आरोपी को पकड़ा गया है और ना ही तहसीलदार एसडीएम कलेक्टर के द्वारा कोई कमेटी बनाया गया है जिससे बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्तागड़ में नाराजगी जाहिर करते आ रहे और बहुत दिनों से नई मूर्ति की मांग कर रहे थे। लेकिन प्रशासन के लोगों के द्वारा कोई भी पहल नहीं किया गया जिसके खिलाफ नई मूर्ति की मांग के लिए इंजीनियर रवि रविन्द्र, प्रहलाद साहू, अशोक ठाकुर आदिवासी नेता के द्वारा अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल किया जा रहा है जिसमे इन तीनो के द्वारा अन्न के साथ-साथ पानी का भी त्याग किया गया है और ये लोग पिछले दो दिन से लवन के तहसील चौक पर सड़क किनारे नीला झण्डा लेकर इस उम्मीद में कि शासन प्रशासन के लोग इनकी जायज मांग को पूरा करने का काम करेंगे इन तीनो लोगों के समर्थन में पूरा कसडोल की कमेटी और सभी कार्यकर्ता साथी लगे हुए हैं और इनके समर्थन में आज पूर्व विधायक दुजराम बौद्ध प्रदेश सचिव मा संतोष देवांगन जोन प्रभारी संतोष यादव जी का आगमन इनके समर्थन नगर पंचायत लवन पहुंचे है और ये आंदोलन आगे चलता है तो फिर बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन के द्वारा इस आंदोलन की बागडोर संभालने की बात चल रही है जिनके साथ पूर्व विधायक दाऊराम रत्नाकर जी के द्वारा इस मुद्दे पर कलेक्टर को घेरने की तैयारी चल रही है ऐसा लोगों से सुनने को मिला है ऐसा लग रहा है कि अगर मांग को पूरा नहीं किया जाता है तो फिर यह मुद्दा करो या मरो की स्तिथि में आ जाएगी क्योंकि बहुजन समाज पार्टी वाले मानने को तैयार ही नहीं है और नई मूर्ति की मांग के लिए आगे की पहल के लिए अंदर ही अंदर बड़े भीड़ की तैयारी कर रही है और प्रशासन को घेरने का काम किया जाएगा ऐसा लग रहा है। अभी कार्यक्रम में नकुल बांधे, डॉ.नोहर भारद्वाज, बरातू बंजारे, अश्वनी सोनवानी, उतरा सांडे, भवानी गायकवाड, बंशी कठोत्रे, नंद कुमार डहरिया, संतोष बंजारे, खोलबहरा टंडन, डॉक्टर डी डी बर्तमशी, महहेतर चेलक, मनहरण गायकवाड, सुंदर लाल गायकवाड, राजकुमार डहरिया, ललित बंजारे, ढालेंद्र डहरिया, गानेश केवट सहित बहुत से कार्यकर्ता भूख हड़ताल में शामिल हुए।

## कलेक्टर ने पसान में मुख्यमंत्री आगमन की तैयारियों का लिया जायजा

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।





कलेक्टर अजीत वसंत ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के 09 मार्च को प्रस्तावित आगमन की तैयारी का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत संबित मिश्रा, अपर कलेक्टर दिनेश नाग एसडीएम पोड़ी उपरोड़ा सरोज महिलांगे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर अजीत वसंत ने पोड़ी.उपरोड़ा विकासखण्ड के पसान में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम हेतु चिन्हाकिंत स्थल का अवलोकन किया। उन्होंने सामूहिक विवाह सम्मेलन कार्यक्रम की रूपरेखा की विस्तार से जानकारी दी और कार्यक्रम स्थल पर मंच निर्माण, पंडाल, बैठक व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर पेयजल, बेरिकेडिंग, विद्युत, शौचालय जैसी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने हैलीपेड में फायर ब्रिगेड सहित सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री साय का जिले के पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम पसान में 09 मार्च 2024 का आगमन प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन में नवविवाहित जोड़ो को आशीर्वाद देंगे।

## स्वास्थ्य विभाग ने प्लस पोलियो के महा अभियान में घुमन्तु मजदूरों के बच्चों को पिलाई खुराक

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।









शासन के निर्देशानुसार शून्य से पांच वर्ष के बच्चों को पल्स पोलियो पिलाने के सघन अभियान के अंतर्गत देवभोग के स्वास्थ्य कर्मी निरंतर इस अभियान में जुटे हुये है। स्वास्थ्य विभाग ने अपने इस अभियान में बच्चों को पोलियों का लाभ दिलाने एक टीम गठित कर घुमन्तु मजदुरों के बच्चों को पोलियो ड्राप पिला रही है। इस प्रकार सरकार के इस महा अभियान को शत प्रतिशत सफल करने देवभोग बीएम ओ डाण्सुनिल रेड्डी ने अभियान में लगे कर्मचारियों की बैठक कर कड़े निर्देश दिये थे वही वो खुद इस अभियान की मोनीटरिंग भी कर रहे हैं। बीएमओ और सुपरवाइजर आरसी वर्मा के अथक प्रयास से इस बार घुमन्तु मजदुरों के ज्यादातर बच्चों को पोलियो का खुराक दिया जा रहा है।

### चौदह हजार के लक्ष्य में तेरह हजार को पोलियो खुराक

3 मार्च को शुरू हुये इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग के समक्ष ब्लाक भर के 0.5 वर्ष के 14067 बच्चों को पोलियो का खुराक देने का लक्ष्य था विभाग ने इतने बच्चों का पंजीयन किया था। ब्लाक भर के 119 बुथो पर 13215 बच्चों को इसकी खुराक दी गयी। वही एक हजार से अधिक बच्चें अब भी खुराक के लाभ से वंचित थे ये वही बच्चे हैं जिनके माता पिता घुमन्तु मजदुर है इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने ऐसे परिवार के बच्चों को पोलियो का खुराक देने एक टीम गठित कर गांव भेज रहा है।

### दूसरे चरण में घुमन्तु परिवार के सात सौ से अधिक बच्चों को दिया गया पोलियो का खुराक

जहां 03 मार्च के पहले चरण के तेरह सौ बच्चों को खुराक दिये जाने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने 4 मार्च को अभियान का दूसरा चरण चलाया इस अभियान में खुराक से चुके ऐसे बच्चे जिनके परिजन ईंट भट्टे लोहार,भवन निर्माण सहित अन्य मजदूर जो घुमंतु मजदूर के श्रेणी में आते हैं उन्हें विभाग के कर्मचारी चिन्हांकित कर घरों में पहुंच कर पोलियो का खुराक दिया। इस प्रकार गृह भेंट कर ड्यूटी में तैनात कर्मचारी 723 बच्चों को खुराक दिया वहीं अभियान के अंतिम दिन 202 बच्चों को पोलियो के खुराक का लाभ पहुंचाया है।

### बीएमओ के निरीक्षण टीम में तीन कर्मी

*वहीं बीएमओ डॉ.सुनिल रेड्डी ने अभियान के निरीक्षण के लिये तीन सदस्यीय टीम बनाया जिसमें बीएम ओ स्वयं के साथ नवपदस्थ चिकित्सा अधिकारी डॉ. रोशन कंचन और बीपीओ आर सी वर्मा तथा कोल्डचैन हेंडलर अजय डडसेना निरंतर निरीक्षण में घुम रहे थे वही चिकित्सा अधिकारी रोशन कंचन को केन्द्रों में बच्चों को पोलियो के खुराक पिलाते देखा गया।*

# जनदर्शन के माध्यम से सीईओ यादव ने सुनी लोगों की समस्याएं

राशन, पेंशन, चिकित्सा सहित विभिन्न मांगों से संबंधित आवेदन लेकर पहुंचे थे आवेदक

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने जनदर्शन के माध्यम से जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की मांगे एवं समस्याएं सुनी। मौके पर अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय भी उपस्थित रहे। सीईओ यादव ने प्राप्त सभी आवेदनों पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। आज जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाएं प्रधानमंत्री आवास योजना की मांग को लेकर पहुंची थी। सीईओ यादव ने शासन के नियमानुसार पात्र आवेदकों को लाभ दिलाए जाने की बात कही। जनदर्शन में आज ग्राम-औरदा डीपापारा के मोहल्लेवासी बोर खनन एवं पंप स्थापना की स्वीकृति के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि यहां मोहल्ले में विगत कुछ वर्षो से पानी की बहुत समस्या हो रही है, घरों में नल तो लगे है लेकिन उसमें पानी की सही सप्लाई नहीं हो पा रही है। आगामी ग्रीष्म ऋतु आने वाली है, जिसको लेकर यहां लोग काफी चिंतित है। अगर यहां बोर खनन एवं पंप स्थापना हो जाती तो पानी की समस्या से निजात मिल जाती। सीईओ यादव ने जनपद सीईओ पुसौर को आवेदन पर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी तरह ग्राम-कांटाहरदी के ग्रामीण नाली निर्माण की मांग को लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि कांटाहरदी से अमलीपाली मुख्य मार्ग तक डामरीकरण को पूर्ण किया गया है। लेकिन रोड किनारे के नाली निर्माण को अधूरा छोड़ दिया गया है। जिससे आने वाले बरसात के समय काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। सीईओ यादव ने ईई पीडब्ल्यूडी को शीघ्र ही नाली निर्माण कराये जाने के निर्देश दिए। लामीदरहा के ग्रामीण आंगनबाड़ी भवन निर्माण कराये जाने के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि लामीदरहा से 3 किलो मीटर की दूरी पर आंगनबाड़ी भवन है, जिससे यहां के बच्चों को वहां तक लाने ले जाने में दिक्कत हो रही है।

ग्राम पाली पोस्ट गेरवानी के हराराम सिदार दिव्यांग पेंशन दिलाये जाने के संबंध में आये थे। उन्होंने बताया कि वे 45 प्रतिशत विकलांगता की श्रेणी में आते है। रोजी-मजदूरी करने में सक्षम नहीं है, जिसकी वजह जीवन-यापन में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इस संबंध में गांव के सरपंच, सचिव को भी आवेदन दे चुके है, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हो पायी है। सीईओ यादव ने संबंधित विभागीय अधिकारी को उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। गुरूदास महंत अपने इलाज हेतु सहायता राशि की मांग को लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि विगत 7-8 माह से कान व गले में दर्द होने पर डॉक्टरों को दिखाने पर रायपुर में चेकअप कराने हेतु कहा।

रायपुर में इलाज हेतु चेकअप कराया गया, लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण बार-बार रायपुर आने-जाने एवं इलाज कराना संभव नहीं हो पा रहा है। सीईओ यादव जनपद सीईओ रायगढ़ को शासन के नियमानुसार इलाज मुहैय्या कराने की बात कही। इसी तरह जनदर्शन में आज पेंशन, राशन, आवास, राजस्व, चिकित्सा, भू-अर्जन, विद्युत, शिक्षा आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

## एक नजर

### वर्चुअल डाक अदालत 6 मार्च को

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

भारतीय डाक विभाग सदैव से ही अपने ग्राहकों को उच्च स्तर की सेवाये प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है फिर भी कई बार कुछ कारणवश डाक सेवाओं में कमिया रह जाती हैं, जिसकी विभाग को शिकायतें मिलती रहती हैं, जिनका त्वरित निपटान करने का प्रयास किया जाता है, साथ ही शिकायतों के निपटान हेतु डाक अदालत का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में भारतीय डाक विभाग के रायगढ़ संभाग द्वारा 6 मार्च को प्रातः 11 बजे कार्यालय अधीक्षक डाकघर, कोतरा रोड कॉमर्स कॉलेज के पास रायगढ़ में वर्चुअल डाक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विभागीय अधिकारियों द्वारा उपभोक्ताओ से काउंटर सेवा, बचत बैंक, मनी आर्डर, स्पीड पोस्ट, डाक जीवन बीमा इत्यादि में आने वाली समस्याओं को लेकर चर्चा की जाएगी। इच्छुक उपभोक्ता डाक सेवा से संबंधित अपनी शिकायत पूर्ण विवरण शिकायतकर्ता का नाम, पता, मोबाइल नंबर के साथ अधीक्षक डाकघर, रायगढ़ संभाग रायगढ़, कोतरा रोड कॉमर्स कॉलेज के पास रायगढ़ को भेज सकते हैं।

### सखी सेंटर की समझाईश पर पति-पत्नी के बीच हुई सुलह

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

सखी सेंटर रायगढ़ में एक प्रकरण प्राप्त हुआ। जिसमें आवेदिका द्वारा बताया गया कि 06 वर्ष पूर्व अन्तर्जातीय प्रेम विवाह किया गया था जिससे एक पुत्र है। जातिवाद के कारण ससुराल पक्ष द्वारा विवाह स्वीकार नही करने के कारण आवेदिका अपने पति व बच्चे के साथ पृथक रहती है। लगभग 01 वर्ष पूर्व ससुराल पक्ष द्वारा आवेदिका को रहने के लिए छोटा सा कमरा दिया था व सास-ससुर का देहांत हो चुका है। वर्तमान में जेठ द्वारा बटवारा देने हेतु सहमति दिया गया है, परंतु 01 वर्ष हो जाने उपरांत भी बटवारा नही हुआ। पति द्वारा शराब का सेवन करते हुये पीड़िता के साथ मारपीट करते हुये मायके जाने कहा जाता था परंतु पत्नी पति के साथ प्रेमपूर्वक साथ रहने की लिए समझाईश दिलाने के लिए आवेदन सखी सेंटर में दिये जाने पर दोनों पक्षों का लिखित बयान लेते हुये, दोनों पक्ष की 03 बार संयुक्त काऊंसलिंग किये जाने पर धीरे-धीरे पति के व्यवहार में परिवर्तन होने लगा व निरंतर प्रकरण को फॉलोअप में रखा गया। दिनांक 29 फरवरी 2024 को आवेदिका सखी सेंटर में उपस्थित हुई व वर्तमान में पति के व्यवहार में सुधारात्मक परिवर्तन होने व प्रेमपूर्वक जीवन व्यतीत करने की जानकारी देते हुये सखी सेंटर रायगढ़ का आभार प्रकट कर प्रकरण समाप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। उक्त आधार पर प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। उक्त प्रकरण की कार्यवाही जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला महिला बाल विकास अधिकारी एवं जिला महिला संरक्षण अधिकारी के मार्गदर्शन पर सखी वन स्टॉप सेंटर रायगढ़ के सेवा प्रदाताओं द्वारा किया गया।

### प्राकृतिक आपदा में जनहानि के तीन मामलों में प्रभावित परिजन हेतु 12 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉण् रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के तीन मामलों में प्रभावित परिजन हेतु आरण्बीण्सीण् 6.4 के तहत 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसमें तालाब के पानी में डुबने से फरसाबहार तहसील अंतर्गत ग्राम पुराईनबंध निवासी जगे राम का 30 अगस्त 2022 को मृत्यु हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पुत्री सखीना बाई एवं पुष्पा बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार तालाब के पानी में डुबने से फरसाबहार तहसील अंतर्गत ग्राम बनगांव जंगलटोली निवासी शैकत कुमार भगत का 30 जुलाई 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतक की माता बालमती भगत एवं ग्राम केरसई निवासी बजरू राम का मृत्यु 07 दिसम्बर 2022 को हो जाने पर मृतक के निकटतम् वारिस मृतक के पत्नी लक्ष्मी बाई हेतु 4. 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### कलेक्टर ने जनचैपाल में सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

**कोरबा** । कलेक्टर अजीत वसंत ने जन चैपाल में लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने प्रकरण अनुसार संबंधित अधिकारियों को आवेदन प्रेषित करते हुए नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जन चैपाल में लोगों ने अतिक्रमण हटाने, सीमांकन, बटांकन, मजदूरी भुगतान, राशन कार्ड, मुआवजा, वन अधिकार, आर्थिक सहायता, रोजगार हेतु ऋण दिलाने के संबंध में आवेदन दिया। जनचैपाल में कुल 80 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर निर्देशित किया है कि आवेदनों का परीक्षण कर शासन के नियमानुसार कार्यवाही समय सीमा सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनचैपाल में प्राप्त होने वाले आवेदनों पर समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए ताकि आवेदक को दोबारा जनचैपाल में ना आना पड़े।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा ) धरमजयगढ़**
**जिला रायगढ़ छ.ग.**
ई-कोर्ट कमांक
202402042200/अ-2/2023-2024
साकिन कापू
**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण जनता ग्राम कापू को सूचित किया जाता है आवेदक के अभिषेक प्रकाश पिता रामप्रसाद जाति सतनामी निवासी ग्राम कापू तहसील कापू जिला रायगढ़ छ.ग. द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदक के नाम पर ग्राम कापू में भूमि खसरा नं 204 रकबा 0.351 है. भूमि धारित है उक्त भूमि में से रकबा 0.202 है। को औद्योगिक प्रयोजनार्थ पवर्तन कराना चाहते हैं आवेदन पत्र के साथ आवेदित भूमि का मिसल, अधिकार अभिलेख एवं बी-1 खसरा नक्शा की प्रति पेश किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 13/3/ 2024 को नियत है।

उक्त संबंध में जिस किसी हितबद्ध पक्षकार व्यक्ति को कोई आपत्ति/दावा वगैरह प्रस्तुत करना हो तो ये स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 13/3/2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 26/2/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुहर अंकित कर जारी किया गया।

सील

**अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) धरमजयगढ़**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) धरमजयगढ़**
**जिला रायगढ़ छ.ग.**
**ई-कोर्ट क्रमांक**
**202402042200/अ-2/2023-2024 साकिन-कापू**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता ग्राम कापू को सूचित किया जाता है कि आवेदिका तारा गोपाल पत्ति योगेश कुमार गोपाल जाति रावत निवासी ग्राम अलोला तहसील कापू जिला रायगढ़ छ.ग. द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदिका के नाम पर ग्राम कापू में भूमि खसरा नं 279/3/8/1 रकबा 0.061 है. भूमि धारित है उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराना चाहते है आवेदन पत्र के साथ आवेदित भूमि का मिसल, अधिकार अभिलेख एवं बी-1 खसरा नक्शा की प्रति पेश किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 13 मार्च 2024 को नियत है।

उक्त संबंध में जिस किसी हितबद्ध पक्षकार व्यक्ति को कोई आपत्ति/दावा वगैरह प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 13/3/ 2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील, मुहर अंकित कर जारी किया गया।

सील

**अनुविभागीय अधिकारी ( रा ) धरमजयगढ़**

# दलाल एवं विभाग के सहयोग से बिना टेस्ट लिए ही 35 से 38 सौ में बनवा देते हैं ड्राइविंग लाइसेंस

## आखिर कौन विभाग के अधिकारी सुपरविजन पर कार्यवाही करेगी

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

**दफ्तर के अंदर एवं बाहर सक्रिय हैं दलाल, पैसा देकर आसानी से हो जाता है काम, आरटीओ का कोई अधिकृत एजेंट नहीं परिवहन विभाग में लाइसेंस बनवाने सामान्य व्यक्ति को महीनों चक्कर लगाना पड़ता है,**




लेकिन बाहर बैठे एजेंट मोटी रकम लेकर यह काम बड़ी आसानी से करा देते हैं। इसके लिए लाइसेंस बनवाने वाले को मोटी रकम खर्च करनी पड़ती है। यहां बगैर ड्राइविंग टेस्ट दिए ही टू व्हीलर से लेकर फोर व्हीलर तक के लाइसेंस बनाए जाते हैं, इसके लिए 35 से 38 सौ रुपए खर्च करने पड़ते हैं। लाइसेंस बनाने का दावा करने वालों का तो यह भी दावा है कि इस काम के लिए वे क्लर्क से लेकर अफसर तक मोटी रकम पहुंचाते हैं। पिछले बुधवार को हमारे संवाददाता ने लाइसेंस बनवाने के नाम पर स्टिंग किया। ग्राहक बनकर पहुंचे संवाददाता को एजेंटों ने 25 सौ से 3 हजार लेकर बिना ट्रायल लाइसेंस बनवाने की बात कही। एजेंटों ने बाकायदा इसके लिए दोगुना फीस भी तय कर रखा है। टू प्लस व फोर व्हीलर के लिए 35-38 सौ रुपए और टू व्हीलर लाइसेंस के लिए 25 सौ 3 हजार रुपए, जो कि राज्य परिवहन विभाग के तय शुल्क से दो हजार रुपए ज्यादा है। यह पूरा खेल परिवहन विभाग के संरक्षण में चल रहा हैं, यही वजह है कि एजेंट को किसी तरह की कार्रवाई का कोई खौफ नहीं है। आखिर कौन विभाग के अधिकारी सुपरविजन पर कार्यवाही करेगी। जिले के प्रत्येक विभाग के रटी रटाई जवाब आवेदन प्राप्त होने पर कार्यवाही की जाएगी। जिले में पैसे के बलबूते पर 10 मिनट मे लर्निंग लाइसेंस बनाकर देने का दावा करने वाले स्थिति में जिले के बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं बलौदाबाजार जिला उदाहरण है अब देखने वाली बात है कि जिले में नवपदस्थ कलेक्टर किसी प्रकार से मामला को संज्ञान में लेते है।

**जिले के प्रत्येक विभाग के रटी रटाई जवाब आवेदन प्राप्त होने पर कार्यवाही की जाएगी**

* अगर हमारे पास तथ्यत्माक जानकारी या आवेदन मिलती है तो इस पर तत्काल कार्यवाही की जाएगी।

भूपेंद्र गावरे
क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी,जिला बलौदाबाजार भाटापारा

# अपर कलेक्टर दिव्या अग्रवाल ने सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में पदभार ग्रहण की

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

अपर कलेक्टर दिव्या अग्रवाल ने कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू से मुलाकात की और अपना पदभार ग्रहण की। पदभार ग्रहण के दौरान अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी ने उनका गुलदस्ता देकर स्वागत की। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन ने विगत दिनों राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का स्थानांतरण आदेश जारी किया है।



छत्तीसगढ़ राज्य प्रशासनिक सेवा के 2014 बैच के दिव्या अग्रवाल पूर्व में एसडीएम सक्ती और डभरा तथा अपर कलेक्टर जिला सक्ती के पद पर कार्य कर चुकी हैं। अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी का सारंगढ़ बिलाईगढ़ से जिला मुंगेली में अपर कलेक्टर स्थानांतरित हुई हैं। अपर कलेक्टर अग्रवाल ने पदभार ग्रहण के दौरान अपने कार्य के प्राथमिकता के बारे में बताया कि इस जिले को कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के मार्गदर्शन में सभी कार्यों में अग्रणी जिला बनाने के लिए केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करेंगे। सारंगढ़ बिलाईगढ़ नवीन जिला हैए जिसे स्थापित करने के साथ साथ जिले के विकास कार्यों को करना प्राथमिकता है।

# जांजगीर चांपा लोकसभा के विधानसभा सक्ती में भाजपा चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन

## सक्ती ग्रामीण क्षेत्र के अनेक महिला एवं पुरुषों ने थामा भाजपा का दामन

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।




सक्ती में लोकसभा चुनाव प्रभारी व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने स्टेशन रोड स्थित चंद्रा भवन में भाजपा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव प्रभारी अग्रवाल ने पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से एकजुटता के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

बीजेपी कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित लोकसभा सांसद प्रत्याशी कमलेश जांगड़े ने कहा कि विकास के बल पर भारतीय जनता पार्टी इस बार विजय पताका लहराएगी। देश में माहौल भाजपा के पक्ष में है। उन्होंने विपक्षी पार्टियों पर हमला बोलते हुए कहा कि सभी पार्टियां परिवारों की पार्टी बन गईं हैं। भाजपा अकेली ऐसी पार्टी है, जहां वास्तविक लोकतंत्र है। उन्होंने कहा कि देश पर सबसे अधिक समय तक शासन करने वाली कांग्रेस के पास न तो विजन है और न ही विचार।

### कार्यालय उद्घाटन पश्चात महिला एवं पुरुषों ने थामा भाजपा का दामन

इस कार्यक्रम में पूर्व नेताप्रतिपक्ष विधायक नारायण चंदेल, सक्ती जिला प्रभारी गुरुपालभल्ला, जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा,पूर्व विधायक खिलावन साहू, सांसद प्रत्याशी कमलेश जांगड़े, विकास केडिया, मेघाराम साहू, विद्या सिदार, टिकेश्वर गबेल, राम नरेश यादव,राम अवतार अग्रवाल, संजय रामचंद्र अग्रवाल,मांगेराम अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, प्रेम पटेल, हेतराम देवांगन, उमा राजेंद्र राठौर,अरुण शर्मा, धनंजय नामदेव, नारायण राठौर, परसन राठौर सहित भाजपा के पदाधिकारी एवम कार्यकर्ता गण उपस्थित रहें।

# नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने हेतु बीमा कंपनी के अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं की जिला न्यायाधीश ने ली बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा सत्येंद्र कुमार साहू के द्वारा 09 मार्च 2024 को नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक मोटर दुर्घटना दावा/क्लेम संबंधी राजीनामा योग्य प्रकरण नेशनल लोक अदालत में समझौते के माध्यम से निराकरण किये जाने हेतु जिले के समस्त बीमा कंपनी के शाखा प्रबंधक एवं अधिवक्ताओं की बैठक ली गई। बैठक में जिला न्यायाधीश के द्वारा बीमा कंपनियों के पदाधिकारियों एवं क्लेमेंट अधिवक्ताओं से शीघ्र प्रस्ताव देने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में जॉन टोप्पो नेशनल इंश्योरेंस कंपनी, प्रताप केरकेट्टा,न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी, आरएन राठौर,श्रीराम श्रीवास, सुनील यादव, श्रेष गुप्ता, महेंद्र अग्रवाल, कृष्णा सूर्यवंशी, अशोक सोनी, राज कुमार यादव सहित अन्य पदाधिकारीगण एवं अधिवक्तागण उपस्थित हुए। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा अवगत कराया गया कि जो भी पक्षकार राजीनामा के माध्यम से अपने लंबित प्रकरणों को लोक अदालत के माध्यम से निराकरण कराना चाहते है वे पक्षकार अपने प्रकरण को संबंधित न्यायालय में उपस्थित होकर नेशनल लोक अदालत में रखे जाने हेतु निवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि न्यायालय में प्रस्तुत होने वाले मामले जिनमें कोर्ट फीस चस्पा है उन प्रकरणों में लोक अदालत के माध्यम से निराकरण होता है उक्त प्रकरणों में कोर्ट फीस वापसी का प्रावधान है, साथ ही लोक अदालत में निराकरण होने वाले प्रकरणों में किसी भी न्यायालय में अपील स्वीकार्य नहीं होती। नेशनल लोक अदालत में बैंक, विद्युत, दूरसंचार, नगर पालिक निगम कोरबा के प्रीलिटिगेशन के प्रकरण हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा में हेल्प डेस्क का निर्माण किया गया है।



# एक नजर

## शासकीय आम रोपणी बेलटिकरी का नीलामी 6 मार्च को होगा

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

सहायक संचालक उद्यान ने बताया कि शासकीय उद्यान रोपणी बेलटिकरी सारंगढ़ में आम फलन स्थिति में है, जिसके लिये 06 मार्च 2024 को दोपहर 12 बजे नीलामी तिथि निर्धारित किया है। इच्छुक व्यक्ति, व्यापारी रोपणी में आम फलन की स्थिति देख सकते हैं। इस हेतु निर्धारित तिथि एवं समय पर आम फल की नीलामी किया जाएगा। जिस हेतु राशि 5000 अमानत के रूप में जमा करना होगा, जिस व्यक्ति, व्यापारी की बोली अंतिम होगा, उसे अंतिम बोली का 50: राशि तत्काल जमा करना होगा जिसमे 5000, अमानत राशि का समायोजन किया जायेगा तथा शेष 50: राशि दो दिवस यानी 08 मार्च 2024 को दोपहर 12 बजे तक जमा करना होगा। उसके बाद उक्त अंतिम बोलीकर्ता फसल को तोड़ सकता है तथा बोली के बाद फसल की देखरेख की सम्पूर्ण जिम्मेदारी अंतिम बोलीकर्ता का होगा। जिन व्यक्तियों, व्यापारियों की बोली अंतिम नहीं होगा उनका अमानत राशि तत्काल वापस किया जाएगा।

## परिवहन विभाग द्वारा 20 जगहों पर किया जाएगा लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन

### मार्च, अप्रैल और मई में शिविर आयोजित करने हेतु तिथि निर्धारित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के आदेशानुसार आम जनता की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए एवं सड़क सुरक्षा में जागरूकता लाने के प्रयास से जिला परिवहन विभाग द्वारा मार्च, अप्रैल और मई में जिले के सभी विकासखण्डों के पृथक-पृथक स्थानों में कुल 20 जगहों पर लर्निंग लायसेंस शिविर आयोजन करने हेतु तिथि निर्धारित की गई हैं। परिवहन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जशपुर में 05 एवं 06 मार्च, दुलदुला में 12 मार्च, फरसाबहार में 15 मार्च, मनोरा में 19 मार्च, कुनकुरी में 22 मार्च, दोकड़ा में 02 अप्रैल, पत्थलगांव 10 अप्रैल, महादेवडांड़ में 16 अप्रैल, बगीचा में 19 अप्रैल, केराडीह में 23 अप्रैल, सन्ना में 26 अप्रैल, कांसाबेल में 30 अप्रैल, अंकिरा में 03 मई, नारायणपुर में 07 मई, कोतबा में 10 मई, चराईडांड़ में 15 मई, तपकरा में 21 मई, गोरिया में 28 मई एवं लुड़ेग में 31 मई 2024 लर्निंग लायसेंस शिविर आयोजन हेतु तिथि निर्धारित है।

## मुख्यमंत्री नि:शुल्क कोचिंग सहायता योजना के तहत दी जाएगी कोचिंग

### पंजीकृत निर्माणी श्रमिकों के बच्चे होंगे लाभान्वित

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

प्रदेश के निर्माणी श्रमिकों के बच्चों के लिए महत्वपूर्ण कल्याणकारी मुख्यमंत्री नि:शुल्क कोचिंग सहायता योजना का संचालन किया जाएगा। इस योजना के तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके आश्रित दो संतानों को उनके शैक्षणिक योग्यता के अनुरूप प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे पीएससी सीजी व्यापमं, एसएससी, बैंकिंग, रेल्वे, पुलिस भर्ती परीक्षाओं की तैयारी के लिए न्यूनतम 04 माह व अधिकतम 10 माह तक कि अवधि के लिए कोचिंग उपलब्ध कराई जाएगी। सहायक श्रमायुक्त से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोचिंग का लाभ लेने हेतु पंजीकृत निर्माण श्रमिक के द्वारा ऑनलाइन आवेदन निकटतम् लोक सेवा केंद्र या सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय कोरबा में आवेदन कर सकते हैं। साथ ही विकासखण्डों के मुख्यालय में संचालित मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केंद्रों तथा आयोजित होने वाले शिविरों के माध्यम से इस योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## पलायन किए या छूटे लोग खुद ऑनलाइन कर सकते हैं राशन कार्ड नवीनीकरण

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश में निवासरत और पलायन किए नागरिक की सुविधा का ध्यान रखते हुए राशन कार्ड नवीनीकरण की तारीख बढ़ाया है, ताकि सभी पात्र हितग्राही अपना आवेदन प्राथमिकता से कर सकें। छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में प्रचलित राशनकार्डों के नवीनीकरण का कार्य 15 मार्च 2024 तक बढ़ाया गया है। राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग के द्वारा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का नया मोबाईल एप्प तैयार किया गया है, इसे प्ले स्टोर में जाकर डाउनलोड किया जा सकता है। हितग्राही द्वारा खाद्य विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। राशनकार्डधारी अपने मोबाईल में इस एप्प के जरिए नवीनीकरण के लिए इलेक्ट्रानिक आवेदन ऑनलाईन प्रस्तुत कर सकते हैं। ऐसे हितग्राही जिनके पास एन्ड्राईड मोबाईल नहीं है अथवा जहां पर मोबाईल कनेक्टिविटी नहीं है वहां उचित मूल्य दुकान स्तर पर ऑनलाईन प्रक्रिया के जरिए राशनकार्डों के नवीनीकरण हेतु इलेक्ट्रानिक आवेदन प्रस्तुत करने की सुविधा भी दी जा रही है।

# दलित आदिवासी मंच का जिला कार्यकारिणी का हुआ गठन,संगठन के राज्य कार्यकारिणी रहे उपस्थित

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।



जिला बलौदाबाजार भाटापारा में दलित आदिवासी मंच संगठन का विस्तार कार्यक्रम को रूप देते हुआ आज बलौदाबाजार भाटापारा में जिला कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। जिसमे जिलाध्यक्ष के रूप मे लकेश्वर बघेल उपाध्यक्ष पूनम बंजारे सचिव प्रियंका महिपाल कोषाध्यक्ष भीखम ठाकुर सहसचिव जिवराखन को चुना गया दलित आदिवासी मंच संगठन के सयोंजक राजिम केतवास द्वारा उद्बोधन के शुरुआत में संगठन के उदेश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि यह संगठन किसी जाति धर्म, राजनैतिक पार्टी, वर्ग विशेष का समर्थन नहीं करती है सभी वर्ग के बीच उनके हक़ और अधिकार के काम करता है एवं सावैधानिक मूल्यों के लिए व शासन के योजनाओं का अंतिम व्यक्ति पहुचे इन सभी कार्यों को गति देने के लिए जिला स्तर समिति महसूस हुआ।

इसी विषय को मूर्त रूप देते जिले के सदस्यों द्वारा जिला मे पदाधिकारी का गठन किया गया। कार्यक्रम के दौरान राज्य के संगठन सयोंजक राजिम केतवास सलाहकार देवेंद्र बघेल, राजेंद्र सिंह दीवान,पंडित देवीदत्त उपाध्याय, अमृत,मनीषा कोसले, पूनम बंजारे,पुष्पलता,पुनीराम यादव, रेशम बरिहा,बहिबरण बहिया,अजय घृतलहरे, विजय भारद्वाज, रंजीत कुमार, महावीर आदिल,जीवन मदलसा पैंकरा, नारायण मिरी एवं संगठन के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# बैलगाड़ी से निकला बारात, दूल्हा को देखने उमड़ी भीड़ लोगों ने कहा छत्तीसगढ़िया वाद का परंपरा जारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

**बात करते हैं एक ऐसा शादी की जिसमें दूल्हे के द्वारा अपनी दुल्हन लाने के लिए बैलगाड़ी से बारात निकला गया जिसे देखने पूरे गांव के लोग इकट्ठा हो गए।**











मामला रायपुर राजधानी से लगे हुए छोटे से गांव धनेली सांकरा से विधानसभा के छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के अध्यक्ष भाई प्रेमलाल साहू कहां है जिन्होंने अपनी शादी के कार्ड छत्तीसगढ़ी में छपवाए और साथ ही साथ इस विलसता पूर्ण समय में भी लग्जरी कार वह बड़े-बड़े गाड़ियों के जमाना होते हुए भी अपनी शादी को यादगार बनाने के लिए छत्तीसगढ़ी परंपरा के अनुसार बैलगाड़ी का चयन किया और बैलगाड़ी के साथ अपनी बारात लेने चल पड़े जिससे पूरे क्षेत्र में इस अनोखी शादी को देखने के लिए भीड़ इकट्ठा हो गया। जिसकी जानकारी लेने पर दूल्हा राजा प्रेमलाल साहू द्वारा बताया गया कि हम छत्तीसगढ़ महतारी के कोरा में जन्म लिए हैं और हमारी शादी को यादगार बनाने एवं छत्तीसगढ़ी परंपरा को बरकरार रखना के लिए शादी में देसी अंदाज से बैलगाड़ी का चयन किया गया है जिससे हम सब खुश हैं और आगे चाहते हैं कि सभी लोग हमारे शादी में सम्मिलित होकर आशीर्वाद के रूप में अपना माया दुलार देते रहे।

### दूल्हा-दुल्हन का परिचय

बात करते हैं दूल्हा दुल्हन की तो दुल्हन का नाम योगिता साहू पिता पवन साहू निवासी धनेली की है दूल्हा का परिचय प्रेमलाल साहू पिता अशोक साहू ग्राम धनेली का है। दोनों अपनी मर्जी से परिवार वालों के समक्ष सामाजिक रीति रिवाज से शादी कर रहे हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in